


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 15, अंक 101 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, सोमवार 23 फरवरी 2026 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा मजबूत होगी, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ेंगे, मिशनरियों को डटकर मुकाबला करना होगा : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को पार्टी की अखिल भारतीय बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने और आर्थिक सहयोग को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संसद में हालिया टकराव और देश में उभरती जनसमस्याओं के मद्देनजर बहुजन समाज के हितों की रक्षा के लिए बेहतर राजनीतिक एवं माहौल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बसपा मजबूत होगी, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ेंगे जिसका डटकर मुकाबला करना होगा। मायावती ने 19 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में हुई पिछली बैठक के दिशा-निर्देशों की राज्यवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे बीएसपी मजबूत होगी, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ेंगे, लेकिन मिशनरी कार्यकर्ताओं को डटकर मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना है और सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करना लक्ष्य होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में लोग भीमराव अंबेडकर के बहुजन आत्मसम्मान और स्वाभिमान मिशन को आगे बढ़ाने की अपेक्षा बसपा से रखते हैं। पार्टी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में अपने पूर्व कार्यकालों के दौरान 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' और कानून के राज की नीति पर चलते हुए सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए गए।

मायावती ने आरोप लगाया कि विरोधी दलों और उनकी सरकारों की नीतियां गरीब, किसान और बहुजन विरोधी रही हैं तथा कथनी और करनी में अंतर के कारण उनकी विश्वसनीयता घट रही है। ऐसे में बसपा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वह नई राजनीतिक उम्मीद के रूप में उभरे। बहुजन समाज के उत्थान के नाम पर निजी स्वार्थ साधने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील की गई।

मायावती ने कहा कि जो लोग पार्टी के कारण आगे बढ़े और बाद में बसपा से अलग हो गए, वे समाज के सच्चे हितैषी नहीं हो सकते। ऐसे तत्वों और उन्हें संरक्षण देने वाली पार्टियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वह अपने समर्थकों के सहयोग पर आधारित पार्टी है और चुनावी बॉन्ड या ट्रस्ट के माध्यम से मिलने वाले चंदे की राजनीति से अलग है। पार्टी का कहना है कि संविधान के कल्याणकारी उद्देश्यों को सही रूप में लागू करने के लिए राजनीतिक ईमानदारी आवश्यक है।

### गार्ड' की तरह सैल्यूट, ग्रुप फोटो में किनारा... ट्रंप की बोर्ड ऑफ पीस बैठक में पाक पीएम की भारी फजीहत

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हालिया अमेरिका यात्रा कूटनीतिक सफलता के बजाय उनके लिए सार्वजनिक शर्मिंदगी का कारण बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मेजबानी में आयोजित 'बोर्ड ऑफ पीस' की पहली बैठक में शरीफ के हाव-भाव और वहां घटी घटनाओं ने सोशल मीडिया पर मीम्स और तीखी आलोचनाओं का तूफान ला दिया है। इस दौरे का सबसे चर्चित और विवादित पल वह रहा, जब एक वायरल वीडियो में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ राष्ट्रपति ट्रंप को किसी सुरक्षा गार्ड की तरह अजीबोगरीब अंदाज में सैल्यूट करते हुए नजर आए। इस वाकये के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की जमकर जग हंसाई हो रही है। इस वीडियो के सामने आते ही इंटरनेट पर लोगों ने इसे पाकिस्तान की संप्रभुता और कूटनीतिक मर्यादा के बिल्कुल विपरीत करार दिया।

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में की एयरस्ट्राइक, टीटीपी के 7 ठिकाने तबाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार तड़के अफगानिस्तान सीमा से सटे इलाकों में आतंकी ठिकानों पर जोरदार हवाई हमले किए हैं। खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए इस चुनिंदा ऑपरेशन में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और दाएश खोरासान प्रांत (डीकेपी) के सात शिविरों को मुख्य रूप से निशाना बनाया गया। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया है कि इस्लामिक स्टेट से जुड़े एक गुट के ठिकानों पर भी यह प्रहार किया गया है। पाकिस्तानी सेना की इस कार्रवाई पर अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर सीमा लांघते हुए नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में आम नागरिकों पर बमबारी की है। उनके अनुसार, इस हमले में महिलाओं और बच्चों समेत दर्जनों निर्दोष लोग मारे गए हैं।

---

लखमा को 'नो स्पीच' का पालन करना होगा

# वित्त मंत्री चौधरी कल पेश करेंगे बजट, कड़े नियम-शर्तों के साथ लखमा को सत्र में शामिल होने की अनुमति

### वित्त मंत्री के बजट भाषण का रायपुर दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से सीधा होगा प्रसारण

**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ विधान सभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरु होने जा रहा है, जो 20 मार्च तक चलेगा। कुल 15 बैठकें प्रस्तावित हैं। 24 फरवरी को अपरान्ह 12.30 बजे वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी छत्तीसगढ़ सरकार का 2026-27 का अनुमानित बजट पेश करेंगे। वित्त मंत्री के बजट भाषण का रायपुर दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से सीधा प्रसारण होगा। कुछ ही दिनों पहले जमानत पर बाहर आए कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को कड़े नियम-शर्तों के साथ इस बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति दी गई है।




अपने सरकारी आवास परिसर में आहूत पत्रकार वार्ता में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उपरोक्त जानकारी देते हुए आगे बताया कि सत्र की शुरूआत 23 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। राज्यपाल के अभिभाषण के कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर सदन में चर्चा 25 फरवरी को होगी। राज्यपाल के अभिभाषण का दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जायेगा । बजट सत्र में अविभाजित मध्यप्रदेश के समय के पूर्व विधायक दीनदयाल सिंह पोर्ते को श्रद्धांजलि दी जाएगी। 26 एवं 27 फरवरी को बजट पर सामान्य चर्चा होगी। 9 से 17 मार्च तक सभा में विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। 17 मार्च को आय-व्ययक की मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक का पुर:स्थापन होगा। आय-व्ययक की मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा एवं पारण हेतु 18 मार्च की तारीख निर्धारित है।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि अभी तक शासकीय विधि-विषयक कार्यों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 एवं छत्तीसगढ़ लोक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्तन विधेयक 2026 की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। इस सत्र के लिए अभी तक कुल 2813 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें 1437 प्रश्न तारांकित एवं 1376 प्रश्न अतारांकित हैं।अभी तक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की 61 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। नियम 139 के अधीन अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा के लिए 1 सूचना तथा अशासकीय संकल्प की 13 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। शून्यकाल की 9 सूचनाएं मिली हैं। याचिका की 112 सूचनाएं भी प्राप्त हुई हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस विधायक कवासी लखमा के सत्र में भाग लेने के संबंध में उच्च न्यायालय में अपील हुई थी। न्यायालय की ओर से मत आया कि इस संबंध में वह कोई राय नहीं व्यक्त करता है। इसके पश्चात् महा अधिवक्ता से अभिमत मांगा गया। महा अधिवक्ता की ओर से अभिमत आया कि नियम शर्तों के आधार पर लखमा को विधानसभा की बैठकों में शामिल होने की अनुमति दी जा सकती है। इसके अंतर्गत लखमा नियम शर्तों के तहत बजट सत्र में शामिल हो सकते हैं। उन्हें सत्र में आने एवं जाने की सटीक जानकारी विधानसभा सचिवालय में देनी होगी। सत्र के दौरान वे कहीं दौरे पर नहीं जा सकते। अपने निवास क्षेत्र में भी जाने की अनुमति नहीं होगी। सत्र के दौरान वे किसी भी प्रेस कांफ्रेंस में हिस्सा नहीं लेंगे। विधानसभा की कार्यवाही के दौरान सदन के भीतर व बाहर वे गुण-दोष की चर्चा नहीं कर सकेंगे। 'नो स्पीच' व्यवस्था का उन्हें पालन करना होगा। पालन नहीं होने की स्थिति में उनकी अनुमति रद्द की जा सकती है।

## देश के प्रत्येक व्यक्ति को जनजातीय इतिहास को जानना चाहिए- चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति सूर्यकांत

### छत्तीसगढ़ का शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय अद्वितीय

**रायपुर ( समय दर्शन )।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत ने आज राजधानी नवा रायपुर के आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में बने देश के पहले डिजिटल संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का यह जनजातीय संग्रहालय अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को जनजातीय इतिहास और संस्कृति से वाकिफ होना चाहिए। चीफ



जस्टिस ने छत्तीसगढ़ के जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अंदोलनों और शौर्य गाथाओं पर संग्रहालय में बने प्रत्येक गैलरी को निकट से देखा। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय में जनजातीय आंदोलनों की स्मृतियां लोगों को शोषण एवं अन्याय के खिलाफ एक जुट होने और उसका प्रतिकार करने के लिए प्रेरित करेंगी। आदिमजाति विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणी बोरा ने जनजातीय संग्रहालय पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस श्री सूर्यकांत, जस्टिस श्री पी.एस.नरसिम्हा, जस्टिस श्री प्रशांत कुमार और हाईकोर्ट बिलासपुर के चीफ जस्टिस श्री रमेश सिन्हा, राजस्थान के चीफ जस्टिस श्री कल्पथी राजेंद्रन श्रीराम सहित अन्य न्यायाधीश गण का बीरनमाला से आत्मीय स्वागत करने के साथ ही उन्हें स्मृति स्वरूप जनजातीय जीवन पर आधारित भित्ती चित्र भेंट किया।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जैश के 3 आतंकी ढेर

### सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाने को किया ब्लास्ट

**कश्मीर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। आधिकारियों ने 3 आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने उस ठिकाने को ही ब्लास्ट कर दिया, जहां आतंकी छिपे हुए थे। एनकाउंटर अभी भी जारी है।



अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों के यहां पर छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी।

इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था।

### ऑपरेशन टीम में शामिल डॉग घायल

किश्तवाड़ में चलाए गए एनकाउंटर में इंडियन आर्मी के 2 पैरा (स्न) के च9 डॉग टायसन को भी गोली लगी। मिशन के दौरान, वह सबसे पहले उस धोक तक पहुंचा जहां आतंकवादी छिपे हुए थे।

गोली लगने के बावजूद, टायसन ने ऑपरेशन जारी रखा। उसे बेहतर इलाज के लिए बेस हॉस्पिटल ले जाया गया है। व्हाइट नाइट कोर ने 4 फरवरी को सोशल मीडिया पोस्ट में बताया था कि सीआईएफ डेल्टा, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ का यह जॉइंट ऑपरेशन चलाया था था। इलाके की घेराबंदी की गई। इसे 'ऑपरेशन किया' नाम दिया गया।

मुठभेड़ 3 फरवरी की शाम 4 बजे शुरू हुई थी। आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। करीब एक घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान एक आतंकी को गोली लगी, लेकिन वह अपने साथी के साथ गुफा के अंदर जाकर छिप गया।

## ईडी का बड़ा फैसला : इस वित्त वर्ष 500 चार्जशीट दाखिल करने का लक्ष्य

### अब एक से दो साल में पूरी होगी मामलों की जांच

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामलों में तेजी लाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। एजेंसी ने मौजूदा वित्त वर्ष में 500 चार्जशीट दाखिल करने का लक्ष्य तय किया है। साथ ही, जांच अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि केस दर्ज होने के बाद जांच को एक से दो साल के अंदर पूरा कर लिया जाए। हालांकि, बहुत पेचीदा मामलों में इसमें छूट मिल सकती है। यह फैसला पिछले साल 19 से 21 दिसंबर के बीच असम के गुवाहाटी में हुई जोनल अधिकारियों की 34वीं तिमाही बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ईडी डायरेक्टर राहुल नवीन ने की। एजेंसी अब दिल्ली से बाहर हर तीन महीने में ऐसी बैठकें कर रही है। इससे पहले केवड़िया (गुजरात) और श्रीनगर में बैठकें हुई थीं। गुवाहाटी में सम्मेलन आयोजित करना पूर्वोत्तर क्षेत्र की रणनीतिक और परिचालन अहमियत को भी दर्शाता है।

बैठक में अधिकारियों को बताया गया कि पुराने लंबित मामलों को खत्म करने और नई जांच को समय पर पूरा करने के लिए यह लक्ष्य जरूरी है।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की मुश्किलें बढ़ी, यौन शोषण मामले में पॉक्सो कोर्ट ने दिया एफआईआर का आदेश

### नाबालिगों के बयान के बाद अदालत ने सुनाया फैसला

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरुओं में शुमार और ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एक बड़े कानूनी विवाद में घिर गए हैं। संगमनगरी स्थित विशेष पॉक्सो अदालत ने उनके और उनके एक करीबी शिष्य के खिलाफ यौन शोषण जैसे गंभीर आरोपों के तहत मुकदमा दर्ज करने का सख्त फरमान सुनाया है। इस बड़े आदेश के बाद अब धर्म जगत में भारी हलचल मच गई है और पुलिस जल्द ही इस हाई-प्रोफाइल मामले की तफ्तीश शुरू करने जा रही है।



अदालत ने यह अहम फैसला मामले से जुड़े दो नाबालिग पीड़ितों के बयानों को गंभीरता से सुनने के बाद लिया है। बीते 13 फरवरी को पॉक्सो स्पेशल कोर्ट के जज विनोद कुमार चौरसिया के समक्ष इन दोनों नाबालिगों के बयान वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे। इसके साथ ही अदालत ने पुलिस की विस्तृत रिपोर्ट का भी बारीकी से अध्ययन किया। तमाम सुबूतों और पुलिस की प्राथमिक जांच को संज्ञान में लेने के बाद अदालत ने पहले अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था और अब झूंसी थाने में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ विधिवत एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### विद्या मठ में कुकृत्य का लगा है गंभीर आरोप


इस सनसनीखेज मामले को अदालत की चौखट तक पहुंचाने वाले शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी हैं। उन्होंने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत अदालत में यह याचिका दायर की थी। अपनी अर्जी में उन्होंने बेहद संगीन आरोप लगाते हुए दावा किया था कि वाराणसी स्थित शंकराचार्य के विद्या मठ में मासूम और नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण जैसी घिनौनी वारदातें होती हैं। याचिकाकर्ता का यह भी दावा है कि उन्होंने इन कुकृत्यों से जुड़ी एक सीडी (ष्ठ) भी पुख्ता सुबूत के तौर पर कोर्ट को सौंप दी है, जिसके बाद अब पुलिस इस मामले की हर एंगल से गहन जांच करेगी। अदालत की तरफ से एफआईआर का आदेश जारी होने के बाद याचिकाकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने न्यायपालिका के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इस फैसले को सच्चाई की जीत बताते हुए कहा कि अब वह इस पूरे काले सच को आम जनता के सामने उजागर करेंगे। इसके लिए उन्होंने प्रयागराज से लेकर वाराणसी के विद्या मठ तक एक लंबी पैदल 'सनातन यात्रा' निकालने का भी बड़ा ऐलान किया है।

भारत पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगना था, अब ट्रम्प ने खुद ही ग्लोबल टैरिफ 15 प्रतिशत

# टैरिफ में बदलाव से भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बैठक टली

**वॉशिंगटन डीसी ( एजेंसी )।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर होने वाली बैठक टल गई है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्रों के हवाले से दी।

बैठक 23-26 फरवरी को वॉशिंगटन में होनी थी। दरअसल समझौते में भारत को 18त्न टैरिफदेना था, लेकिन शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफरद्द कर दिए थे।



जिसके बाद ट्रम्प ने शुक्रवार को ही दुनियाभर पर पहले 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15त्न कर दिया।

अब ट्रम्प का 15 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफलागू हो रहा है, जो डील वाले 18त्न से कम है। इसके कारण दोनों पक्षों ने तय किया कि इन बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख तय की जाएगी। बैठक के टलने से अब इस ट्रेड डील में देरी हो सकती है।

ट्रम्प ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के टैरिफरद्द करने के फैसले के 3 घंटे बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस ट्रेड डील के कारण भारत का टैरिफघटा था।

कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 7 फरवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपए) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई। इसके बाद अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया गया था।

इसके तहत ही भारतीय सामान पर अमेरिका का टैरिफ 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी हटा लिया गया था।

### भारत पर कितना टैरिफ लगेगा

अब ट्रम्प के टैरिफ में बदलाव से भारत पर लगे टैरिफको लेकर यह भी सवाल उठ रहा है कि भारत को 18 प्रतिशत टैरिफदेना होगा या 15 प्रतिशत। इसकी दो वजहें हैं-

राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय संघ सहित अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब धारा 122 के तहत 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ का ही सामना करना पड़ेगा, न कि उस टैरिफ दर का जिस पर उन्होंने पहले बातचीत की थी। इस आधार पर शनिवार के ऐलान के बाद 15 प्रतिशत रहेगा।

### टैरिफबदलाव से भारत-अमेरिकी ट्रेड डील संकट में

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर सहमति बन गई थी और इसे लेकर फ्रेमवर्क जारी हो चुका है। दोनों देशों ने कहा था कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका क्च्ञ्ज वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने जैसे प्रावधान शामिल होंगे। पीयूष गोयल ने 20 फरवरी को बताया था कि समझौता फरवरी के अंत तक फाइनल होना था। मार्च में इस पर हस्ताक्षर होने थे, वहीं अप्रैल से ये समझौता पूरी तरह लागू होता।

## देश के कोने-कोने की सकारात्मक पहल को सामने लाता है 'मन की बात' : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने सुनी 'मन की बात' की 131वीं कड़ी




**रायपुर ( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें एपिसोड का श्रवण किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल, विधायक श्री प्रबोध मिंज, छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्री श्रीनिवास मद्दी, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला, श्री अखिलेश सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने वाला सशक्त संवाद बन चुका है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने में हो रहे प्रेरक प्रयासों और असाधारण उपलब्धियों को सामने लाने वाला मंच है, जो समाज में सेवा, नवाचार और सहभागिता की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि सभी लोग प्रत्येक माह इसके प्रसारण का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमता और भविष्य की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए देश को नई दिशा का संदेश दिया है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट में भारत की तकनीकी शक्ति को विश्व ने सराहा और 'मेड इन इंडिया' के तीन एआई मॉडल लॉन्च होना देश की नवाचार क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भी नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से तकनीकी नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# खबर-खास

## शाम 6 से 6.30 बजे तक पढ़ाई की पहल: अचानकपुर में सरपंच की अनोखी अपील, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम



**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम अचानकपुर में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय पहल की गई है। गांव के सरपंच देवानंद साहू ने आंगनबाड़ी से लेकर कॉलेज तक के सभी छात्र-छात्राओं के लिए रोज शाम 6 बजे से 6:30 बजे तक घर पर नियमित अध्ययन करने की अपील की है। सरपंच ने कहा कि बच्चे ही गांव, समाज और देश का भविष्य हैं। यदि वे प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा एकाग्र होकर पढ़ाई करेंगे तो निश्चित रूप से आगे चलकर गांव का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने पालकों से विशेष आग्रह किया है कि वे इस समय बच्चों को घर में शांत वातावरण उपलब्ध कराएं और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें।

देवानंद साहू ने बताया कि यह पहल बच्चों में अनुशासन, नियमितता और पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उनका मानना है कि छोटी-छोटी आदतें ही बड़े बदलाव की नींव बनती हैं। गांव के अभिभावकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यदि पूरे गांव में एक साथ तय समय पर बच्चे पढ़ाई करेंगे तो इसका सकारात्मक प्रभाव जरूर दिखाई देगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस सामूहिक प्रयास से अचानकपुर शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा।

## भाजपा किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण में नवीन वर्मा को नियुक्त किया गया उपाध्यक्ष



**रायपुर ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन में, भाजपा के संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी तथा जिला संगठन प्रभारी सुरेंद्र पाटनी के दिशा-निर्देशों पर, और जिला अध्यक्ष श्याम नारंग की अनुशंसा से भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू ने नवीन वर्मा को भाजपा किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण का नया जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवीन वर्मा की नियुक्ति से पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में किसान मोर्चा के कार्यों को गति मिलेगी।

## चिरमिरी में नशे के कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

**एमसीबी/चिरमिरी ( समय दर्शन )।** जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत चिरमिरी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए संदिग्ध महिला की घेराबंदी कर उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि यह कार्यवाही क्षेत्र में चलाये जा रहे 'नशा मुक्त अभियान' के तहत की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने से ना केवल अपराधों में कमी आयेगी बल्कि युवाओं को भी नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सकेगा। चिरमिरी पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके।

## स्वच्छता को अपनी जीवनशैली बनाने आदत में शामिल करने आमजन से अपील: निगम आयुक्त

**कोरबा ( समय दर्शन )।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शनिवार को दादर बस्ती माँ कंकालीन देवी मंदिर के पीछे स्थित तालाब पर पहुंचकर टीम के साथ जल स्त्रोत की सफाई का कार्य किया गया तथा घंटों तक स्वयं सफाई कार्य करते हुए स्वच्छता व साफ-सफाई कार्यों में सबकी सहभागिता का आव्हान किया। इस दौरान बड़ी मात्रा में अपशिष्ट का संग्रहण कर, कचरे का परिवहन व डिस्पोजल कराया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस मौके पर स्वच्छता को अपनी जीवनशैली बनाने, स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने की अपील आमजन से करते हुए संत निरंकारी मिशन के कार्यकर्ताओं की इस पहल की सराहना की। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत ग्राम्य बस्ती दादर माँ कंकालीन देवी मंदिर के पीछे स्थित तालाब में संत निरंकारी मिशन के कार्यकर्ताओं व नगर निगम कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में तालाब जल स्त्रोत की सफाई हेतु स्वच्छता अभियान संचालित किया गया तथा जल स्त्रोत की सफाई की गई। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए स्वच्छता का कार्य किया, उन्होने टीम के साथ मिलकर साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता कार्य में अपना श्रमदान दिया। इस मौके पर तालाब की मेढ़ व वहॉं पर स्थित 03 घाट की विशेष साफ-सफाई कर बड़ी मात्रा में डिस्पोजल, पाउच कैरीबैग, प्लास्टिक कचरा, पूजा सामग्री का अपशिष्ट व बर्म झाड़ियॉं आदि का संग्रहण कर कचरे का उठाव परिवहन व डिस्पोजल कराया गया।

# सरायपाली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्मदिवस सेवा और सम्मान के साथ मनाया



**सरायपाली ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिवस के अवसर पर सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के शहर मंडल अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 में हितग्राही संपर्क एवं सम्मान कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनसेवा और सामाजिक सरोकार की भावना के साथ हितग्राहीजनों का सम्मान कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को श्रीफल, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही वार्डवासियों एवं आमजन के बीच मिठाई वितरण कर मुख्यमंत्री का जन्मदिन हर्षोल्लास, उत्साह और आत्मीय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित नागरिकों ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के निरंतर विकास और जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखर अग्रवाल जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं संस्थापक संगम सेवा समिति द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है तथा अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन जनसेवा की भावना को और सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उबबेजा, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वर्ण सिंह सलूजा, भाजपा नेता धनेश नायक, मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं नागरिकों के सामूहिक सहयोग और सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम अत्यंत सफल, प्रेरणादायी एवं स्मरणीय रहा।

## भाजपा नेता युवती को लेकर हुआ फरार, कई युवतियों की जिंदगी बर्बाद करने का लगा आरोप

**कोरबा-कटघोरा ( समय दर्शन )।** कोरबा जिले के कटघोरा का भाजपा नेता और भाजयुमो में पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य चिंटू अग्रवाल क्षेत्र की एक युवती को लेकर फरार हो गया है। पीड़ित परिवार ने अपनी पुत्री की गुमशुदगी की सूचना थाना में दर्ज करा दी है जिस पर गुम इंसान का मामला कायम कर पतासाजी किया जा रहा है।

घटना 17 फरवरी की बताई जा रही है जिसमें 20 वर्षीय युवती सुबह 10 बजे बुटीक जाने के नाम पर घर से निकली और इसके बाद वापस नहीं लौटी। बाद में चर्चाओं से पता चला कि वह पड़ोस के करीब 40 वर्षीय चिंटू अग्रवाल के झांसे में आकर साथ चली गई है। परिजनों को अपनी बेटी की चिंता है। इधर दूसरी तरफ चिंटू अग्रवाल के द्वारा युवती के माध्यम से एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कराया जा रहा है जिसमें लखनपुर की गौशाला में शादी करना और साथ में रहने का हवाला दिया जा रहा है, जबकि पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

युवती के परिजनों को चिंटू अग्रवाल के पुराने करतूतों को लेकर अपनी बेटी की चिंता सता रही है क्योंकि चिंटू पर पहले भी दो दर्जन से अधिक युवतियों/किशोरियों की जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगता रहा है। अपने धन बल और रसूख के बल पर गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों का मुंह बंद कराता रहा इसलिए मामले सामने नहीं आए किन्तु कुछ मामलों में परिवार की इज्जत उछालने पर उसकी जमकर खबर ली गई और जेल भी जा चुका है किंतु अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा। इस वर्तमान मामले में युवती के पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि चिंटू अग्रवाल के द्वारा 25 से अधिक बालिकाओं-नाबालिक लड़कियों की जिंदगी तबाह किए जाने की बात कही जा रही है। इसकी उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जाती है। कटघोरा एवं आसपास क्षेत्र में लड़कियों की जिंदगी बर्बाद कर कई घरों को उजाड़ने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

# संकुल केंद्र कुदारीबाहारा में टी एल एम मेला सम्पन्न



**बसना ( समय दर्शन )।** संकुल केंद्र कूदारीबाहरा के आश्रित शासकीय प्राथमिक शाला कुरचूंडी डीपा में टी एल एम मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्रीविशाल जोल्हे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर कंवर उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्योधन साव संकुल प्रभारी ने किया सर्वप्रथम भारतीय परम्परा अनुसार अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गईं।

इसके पश्चात् अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए उदबोधन किया एवं कार्यक्रम की सराहना की गईं !इसके पश्चात शिक्षकों द्वारा तैयार किये गए टी एल एम चार्ट, चित्र, मॉडल का टीम के साथ निरीक्षण किया गया जिसमें संकुल केंद्र आश्रित सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला के शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा निर्माण किये गए टी एल एम में से प्राथमिक शाला कुरचूंडीडीपा द्वारा बनाया गया गणित का टी एल एम संक्रिया ताराजू को प्रथम स्थान एवं प्राथमिक शाला कटेल द्वारा गणित मैजिक बॉक्स को द्वितीय स्थान मिला एवं शेष सभी शालाओं को सांत्वना पुरुस्कार प्रदान किया गया।

टी एल एम मेला शिक्षा विभाग एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य शिक्षकों की रचनात्मकता को बढ़ावा देकर कवाड़ से जुगाड़ के माध्यम से रोचक और प्रभावी शिक्षण सामग्री विकसित करना है यह मेला खेल खेल में शिक्षा को बढ़ावा देने,कक्षा अध्यापन को रोचक बनाने और मूलभूत साक्षरता एवं संख्यत्मकता मजबूत करने पर केंद्रित है ।इस मेला से नावाचार को बढ़ावा, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, एक दूसरे से सीखना एवं सहभागिता जैसे गुणों का विकास होता है। कार्यक्रम के आयोजन एवं सम्पूर्ण व्यवस्था में संकुल समन्वयक अमित कुमार भोई का सराहनीय योगदान रहा एवं आभार प्रदर्शन भी किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शरण दास, गजेंद्र नायक, वारिश कुमार, हलधर साव प्रधान पाठक कुरचूंडी डीपा, श्रीमती मंजू सिदार, लक्ष्मीकान्त साहू , महेश बाघ, लोकनाथ साव बृज लाल यादव, वीर सिंह नाग,क्षीर सागर साव, सोमप्रकाश साव,, मुकेश प्रधान प्रधान, हीरालाल मांझी, तरुण साव, विजय चौहान, प्रकाश सिदार, कन्हैया पांडे, रूपानंद दास, संजय चौहान, अगिन बरिहा उपस्थित थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता गजानन भोई ने किया।

# राष्ट्र की छवि धूमिल करने का प्रयास निंदनीय, हिंदुस्तान के सम्मान से ऊपर कुछ भी नहीं - प्रखर अग्रवाल




**सरायपाली ( समय दर्शन )।** वैश्विक स्तर पर आयोजित ग्लोबल ए आई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान कथित रूप से कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए कृत्यों के विरोध में आज रायपुर में कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय का घेराव किया गया। यह प्रदेशव्यापी आंदोलन भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पहुंचे युवा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। महासमुंद जिले से भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला महामंत्री एवं संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल भी सरायपाली क्षेत्र के अपने युवा साथियों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रखर अग्रवाल ने कहा कि विश्व पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने का कोई भी प्रयास अत्यंत निंदनीय है। हिंदुस्तान के सम्मान से ऊपर हमारे लिए कुछ भी नहीं है। कांग्रेस द्वारा जिस प्रकार अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने का कार्य किया गया, वह उनकी सोच और मानसिकता को उजागर करता है। कांग्रेस की नीति और नीयत कभी भी देशहित में नहीं रही है।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश और देश की जनता को केवल एक संसाधन के रूप में देखा है, जबकि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है। युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता देश के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव मैदान में खड़ा रहेगा। यदि कोई भी ताकत भारत की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का प्रयास करेगी तो उसका लोकतांत्रिक तरीके से पुरजोर विरोध किया जाएगा, उन्होंने कहा। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेतृत्व से देश से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और प्रशासन की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रदेश नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा और सम्मान की रक्षा का संकल्प है। युवा मोर्चा ने भविष्य में भी ऐसे किसी भी कृत्य के विरुद्ध व्यापक जनआंदोलन की चेतावनी दी है।

## मुंगेली सर्व ब्राह्मण परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यों पर चर्चा, पदाधिकारियों का चुनाव



**मुंगेली( समय दर्शन )।** इंदिरा केशव विप्र भवन में आयोजित सर्व ब्राह्मण परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा, विप्र भवन में चल रहे निर्माण कार्य, उपनयन संस्कार कार्यक्रम तथा अन्य सामुदायिक गतिविधियों को लेकर योजना बनाना था।

बैठक में विशेष निर्णय लिया गया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान श्री परशुराम जी की पूजा अर्चना के साथ-साथ शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न कार्यों हेतु समिति का गठन किया जाएगा और जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके अतिरिक्त, उपनयन संस्कार कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की गई, जिसे आगामी 8 मार्च को आयोजित बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा।विप्र भवन में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में फाल्स सीलिंग, व्यवस्थित बिजली फिटिंग सहित अन्य सुधारों पर भी चर्चा की गई। बैठक में सर्व ब्राह्मण महिला परिषद का गठन किया गया, जिसमें श्रीमती मंजुला शर्मा को सर्व ब्राह्मण महिला परिषद का अध्यक्ष एवं निधि पौराणिक को शहर अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया।बैठक में प्रमुख रूप से सर्व ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, दुष्यंत दुबे, नपा अध्यक्ष रोहित शुक्ला, रामेश्वर तिवारी, आशीष मिश्रा, स्वतंत्र मिश्रा, सुनील पाठक, मनीष उपाध्याय, गणेश बाजपेयी, सौरभ बाजपेयी, मोहन उपाध्याय, सुनील पाण्डेय, मनीष उपाध्याय, राहुल पाठक, रविशंकर शर्मा, सुमित तिवारी, योगेश उपाध्याय, महेंद्र पाण्डेय, अजय तिवारी, अरविंद पाण्डेय, योगराज उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## अटल विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन आयोजित

**बिलासपुर( समय दर्शन )।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन (विश्वविद्यालयों का समग्र विकास) का भव्य एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ हो गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में देशभर के केंद्रीय, राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों के लगभग 42 कुलपति, प्रमुख शिक्षाविद्, शोधार्थी तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया।विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य भी इस ऐतिहासिक अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रमेन डेका ने की। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अब केवल डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान नहीं रह सकते, बल्कि इन्हें राष्ट्र निर्माण के सशक्त माध्यम के रूप में उभरना चाहिए। उन्होंने समग्र शिक्षा, चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों की स्थापना, कौशल विकास तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के आधुनिक संदर्भ में समन्वय पर विशेष बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालयों से आह्वान किया कि वे ऐसे नागरिक तैयार करें जो रोजगारोन्मुखी, तकनीकी रूप से दक्ष तथा समाज के प्रति पूर्ण रूप से उत्तरदायी हों।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ए.डी.एन. वाजपेयी ने स्वागत उद्बोधन में विगत पाँच वर्षों की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन, परीक्षा परिणामों की समयबद्ध घोषणा, प्रशासनिक पारदर्शिता तथा आधारभूत संरचना के विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। विश्वविद्यालय का बजट 2.72 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीएम-यूएसएचए योजना के अंतर्गत 20 करोड़ रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई है तथा लगभग 100 करोड़ रुपये की विभिन्न निर्माण परियोजनाएँ वर्तमान में प्रगति पर हैं। एनएसएस गतिविधियों में छात्रों की बढ़ती सक्रियता, नई शिक्षक नियुक्तियाँ तथा नए विभागों के प्रस्ताव विश्वविद्यालय की निरंतर विकास यात्रा के प्रमाण हैं।सम्मेलन के पहले दिन पाँच महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें गहन विचार-विमर्श हुआ।

## My bharat budget Quest 2026 मे उद्यानिकी महाविद्यालय सांकरा के स्वयंसेवकों ने सहभागिता किये



**पाटन ( समय दर्शन )।** दिनांक 21 फरवरी 2026 को उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा-दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने **My Bharat Budget Quest** 2026 कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का आयोजन युवाओं को देश के वार्षिक बजट, आर्थिक नीतियों तथा वित्तीय प्रबंधन की मूलभूत जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने बजट से जुड़े विविध विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा प्रश्नोत्तरी एवं जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गागेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बजट की महत्ता, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका तथा आर्थिक साक्षरता के महत्व पर प्रेरित किया।

इस सफल सहभागिता से महाविद्यालय परिवार में उत्साह का वातावरण रहा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सक्रियता और प्रतिबद्धता पुनः प्रदर्शित हुई कार्यक्रम डॉ अमित दीक्षित अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में हुआ।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस पर हितग्राहियों एवं स्वच्छता वॉरियर्स का हुआ भव्य सम्मान






**सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** टारजन महेश(समय दर्शन) छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला सारंगढ़ङ्कबिलाईगढ़ द्वारा पूरे जिले में सेवा, सम्मान एवं जनसंपर्क के विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान करना तथा समाज में सकारात्मक संदेश देना रहा। यह आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरीहा के दिशा-निर्देश एवं जिला अध्यक्ष हितेश अजगल्ले के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिले के 12 मंडलों — सारंगढ़, सरसीवा, भटगांव, बिलाईगढ़, पवनी, सालार, कोसीर, भेड़वन-गुड़ेली, बरमकेला, सरिया, लेंधरा एवं अन्य मंडलों में हितग्राही सम्मान समारोह एवं स्वच्छता वॉरियर्स सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें पुष्पगुच्छ, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने शासन की योजनाओं की जानकारी भी साझा की और आमजन से संवाद स्थापित किया।

विशेष रूप से स्वच्छता कर्मियों एवं स्व-सहायता समूह की बहनों का सम्मान किया गया। स्वच्छता के क्षेत्र में उनके समर्पण और समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहा गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता वॉरियर्स की संज्ञा देते हुए उनके योगदान को नमन किया।

जिला अध्यक्ष हितेश अजगल्ले ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास एवं सुशासन की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उनके जन्मदिवस को सेवा और समर्पण के रूप में मनाते हुए युवा मोर्चा ने समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंचकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राहियों का सम्मान किया है।

कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो दिवसीय 80वें महाअधिवेशन में शामिल हुए

# सशक्त समाज निर्माण में शिक्षा और संगठन की भूमिका अहम : मुख्यमंत्री

रायपुर, 22 फरवरी 2026

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज बलौदा बाजार जिले के ग्राम चांपा में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो दिवसीय 80वें महाअधिवेशन में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्य तिथि पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समाज की विभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मनवा कुर्मी समाज को परिश्रमी, संगठित और उन्नत कृषक परंपरा वाला समाज बताते हुए कहा कि समाज का योगदान राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने 80वें महाअधिवेशन की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मेल-मिलाप, समन्वय और सकारात्मक निर्णयों को बढ़ावा देते हैं, जिसका लाभ पूरे प्रदेश और देश को मिलता है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा के गृह ग्राम चांपा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा सशक्त समाज निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने समाज द्वारा बेटा-बेटी दोनों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही आत्मनिर्भर और प्रगतिशील समाज बनता है। उन्होंने महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने, युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता और सामाजिक सुधार के प्रयासों को भी सराहनीय बताया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए गए हैं। इस वर्ष समर्थन मूल्य पर 25 लाख 24



हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा गया है तथा होली से पूर्व किसानों को लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की अंतर राशि प्रदान की जाएगी। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को अब तक 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में अब विकास की नई तस्वीर दिखाई दे रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के संकल्प के अनुरूप मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने की दिशा में सरकार दृढ़ता से काम कर रही है। नियद नेल्लार योजना के माध्यम से लगभग 400 गांवों में विकास कार्यों को गति दी गई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम नरदहा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये तथा बलौदा बाजार में सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में पिछले दो वर्षों में उल्लेखनीय विकास हुआ है और किसानों, महिलाओं तथा युवाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं।

अधिवेशन में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्री खोड़स राम वर्मा ने समाज द्वारा लिए गए सामाजिक सुधार के महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजिम विधायक श्री रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, महिलाएं, युवा और स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

# बाबा गुरू घासीदास जी के बताए मार्ग पर काम कर रही हमारी सरकार - मुख्यमंत्री श्री साय



### गुरूदर्शन व पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली व समृद्धि का लिया आशीर्वाद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रविवार को बाबा गुरु घासीदास जी की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में आयोजित संत समागम एवं गुरुदर्शन मेला में शामिल हुए। उन्होंने पूज्य गुरुगद्दी का दर्शन एवं पूजा - अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि के लिये कामना की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास के मनखे- मनखे एक समान का सन्देश, मानव को मानव से जोड़ने वाला और सद्भाव व समरसता बढ़ाने वाला है। बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा गिरौदपुरी का सतत् विकास किया जा रहा है। विशाल जैतखाम निर्माण से लेकर अनेक सुविधाओं का विस्तार यहां किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किये गए जनसुविधा विस्तार कार्य की सराहना की और कहा कि वेबसाईट और मोबाइल एप्प से भी मेले में उपलब्ध सुविधा की जानकारी श्रद्धालु ले सकते हैं। उन्होंने इस दौरान वहां चस्पा किये गए क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन कर जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर मुख्य मंदिर का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया। मुख्यमंत्री के हाथों स्थानीय श्रद्धालु एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर उत्साहित हुए। गौरतलब है कि गिरौदपुरी में तीन दिवसीय संत समागम एवं गुरू दर्शन मेला 22 फ़रवरी से प्रारंभ होकर 24 फरवरी 2026 तक चलेगा। प्रदेश सहित देश एवं विदेश से भी सतनाम पंथ के अनुयायी यहां मेले में आए हुए हैं।

इस अवसर पर धर्मगुरू गुरु बालदास साहेब, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, राजिम विधायक श्री रोहित साहु, जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर श्री नवीन अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक श्री अमरेश मिश्रा, कलेक्टर श्री दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक सुश्री भावना गुप्ता,डीएफओ श्री गणवीर धम्मशील, पूर्व सांसद श्री गुहा राम अजगले, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि वरिष्ठ अधिकारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत का किया आत्मीय स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत के छत्तीसगढ़ आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने माननीय मुख्य न्यायाधीश को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक स्वरूप राजकीय गमछा, विश्वविख्यात बस्तर दशहरा पर आधारित कॉफी टेबल बुक तथा बेल मेटल से निर्मित भगवान श्रीराम एवं माता शबरी की आकर्षक प्रतिकृति भेंट की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री पी. नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति श्री प्रशांत कुमार मिश्रा तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा का स्वागत एवं अभिनंदन किया।




उल्लेखनीय है कि भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (Hidayatullah National Law University) के दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए हैं।

# रायपुर में 14 किलो गांजा के साथ 3 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14.613 किलोग्राम गांजा के साथ तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) संदीप कुमार पटेल के संयुक्त मॉनिटरिंग में की गई।

यह कार्रवाई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा न्यू राजेंद्र नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 14.613 किलो गांजा, दो मोबाइल फोन और 1,000 रुपये नगद जब्त किए गए हैं। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 7,51,650 रुपये आंकी गई है।



**सूचना पर घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी**

पुलिस को 21 फरवरी को सूचना मिली थी कि न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह स्थित मेडिसाइन अस्पताल के पास गली में कुछ लोग गांजा बिक्री की फिराक में हैं। सूचना की तस्दीक के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीन संदिग्धों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम तुषार नितिन पवार (21 वर्ष, जिला पुणे, महाराष्ट्र), किरन सीताराम काये (25 वर्ष, जिला पुणे, महाराष्ट्र) और दीपक तोमर (33 वर्ष, जिला मुरैना, मध्यप्रदेश) बताए। तलाशी के दौरान उनके बैग से अलग-अलग पैकेटों में गांजा बरामद किया गया।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज**

आरोपियों के विरुद्ध न्यू राजेंद्र नगर थाना में अपराध क्रमांक 84/26, धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा प्रकरण में फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर अन्य संलिप्त आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है और एंड-टू-एंड कार्रवाई की जा रही है।

# इंडसइंड बैंक ने देशभर में गोल्ड लोन नेटवर्क का विस्तार कर 500 शाखाओं तक पहुंचाया

**मुंबई:** इंडसइंड बैंक ने अपने गोल्ड लोन ऑफरिंग का विस्तार करते हुए 245 अतिरिक्त शाखाओं को इसमें शामिल करने की घोषणा की है। इसके साथ ही अब देशभर में गोल्ड लोन सेवाएं प्रदान करने वाली इंडसइंड बैंक की कुल शाखाओं की संख्या बढ़कर 500 हो गई है। यह विस्तार सुरक्षित ऋण को ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ, सुविधाजनक और विश्वसनीय बनाने की बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। गोल्ड लोन की मांग घरेलू परिवारों, छोटे व्यापारियों और कृषि से जुड़े ग्राहकों सहित विभिन्न ग्राहक वर्गों में लगातार बनी हुई है, जो अपने सोने के बदले त्वरित नकदी पर निर्भर रहते हैं। विस्तारित नेटवर्क के माध्यम से इंडसइंड बैंक अब शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में ग्राहकों को 1 करोड़ तक का त्वरित और तुरंत ऋण वितरण उपलब्ध कराएगा। यह सुविधा न्यूनतम दस्तावेज़ीकरण, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों और लचीले कार्यकाल विकल्पों के साथ एक सहज ऋण अनुभव सुनिश्चित करेगी। ग्राहक अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए शाखाओं में समर्पित गोल्ड लोन डेस्क स्थापित किए जाएंगे, जहां व्यक्तिगत सेवा प्रदान की जाएगी। वहीं, ग्राहकों द्वारा गिरवी रखा गया सोना पूरी तरह बैंक की अभिरक्षा में रखा जाएगा, जिससे सुरक्षा के सर्वोच्च मानक सुनिश्चित किए जा सकें।

इस विस्तार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, इंडसइंड बैंक के कंज़्यूमर बैंकिंग एवं मार्केटिंग प्रमुख श्री सौमित्र सेन ने कहा:

गोल्ड लोन लाखों ग्राहकों के लिए एक भरोसेमंद और समय पर मिलने वाला वित्तीय समाधान बनकर उभरा है। इस सुविधा को 500 से अधिक शाखाओं तक विस्तारित कर हम घरों, छोटे व्यवसायों और ग्रामीण समुदायों को सुविधाजनक ऋण विकल्पों से सशक्त बना रहे हैं। यह कदम इंडसइंड बैंक के रिटेल लेंडिंग पोर्टफोलियो को मजबूत करता है और एक ग्राहक-केंद्रित वित्तीय संस्था के रूप में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो विकास और वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

इंडसइंड बैंक आने वाले एक वर्ष में अपने गोल्ड लोन नेटवर्क का और विस्तार करता रहेगा, जिसका उद्देश्य इस सुविधा को अपनी पूरी शाखा नेटवर्क में उपलब्ध कराना है।

# सैमसंग ने One UI 8.5 के साथ पेश किया नया Bixby

**गुरुग्राम:** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज Bixby के अपने नवीनतम वर्ज़न के बीटा प्रोग्राम की शुरुआत की घोषणा की। अब Bixby को एक 'कन्वर्सेशनल डिवाइस एजेंट' के रूप में अपग्रेड किया गया है। इस अपडेट के बाद गैलेक्सी डिवाइसेस के साथ तालमेल बिठाना और भी आसान हो जाएगा, क्योंकि यूज़र्स अपनी ज़रूरत की बात अपनी आम बोलचाल की भाषा में कह सकते हैं। इसके साथ ही, अब यह ओपन वेब के ज़रिए ताज़ा और सटीक जानकारी भी उपलब्ध कराएगा।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस (MX) बिज़नेस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, वोन-जून चोई ने कहा, जब हमने 2024 में अपना पहला AI फोन पेश किया था, तभी से हमारी प्रतिबद्धता इसे उपयोग में इतना आसान बनाने की रही है कि अधिक से अधिक लोग AI का लाभ उठा सकें। इसीलिए हमने डिवाइस एजेंट को सीधे यूज़र अनुभव का हिस्सा बनाने का फैसला किया। हमने Bixby को इस तरह दोबारा तैयार किया है कि यह अधिक स्वाभाविक तरीके से बातचीत कर सके और फोन को सहजता से कंट्रोल कर सके, जिससे रोज़मर्रा के कामों की मुश्किलें कम हो जाएं।

**सहज बातचीत के ज़रिए फोन कंट्रोल करना हुआ आसान-** अब Bixby की मदद से गैलेक्सी फोन को साधारण बोलचाल की भाषा में कंट्रोल किया जा सकता है। आपको किसी खास सेटिंग का सटीक नाम याद रखने या कमांड सीखने की ज़रूरत नहीं है। मेन्यू की बनावट को समझने या तकनीकी शब्दों को याद रखने की भी ज़रूरत नहीं है; आप बस अपनी ज़रूरत को अपने शब्दों में बता सकते हैं—या यह पूछ सकते हैं कि आपके फोन में कोई बदलाव क्यों हो रहा है। Bixby आपके इरादे को समझता है और उसी के अनुसार उचित कदम उठाता है। इससे रोज़मर्रा की सेटिंग्स और फीचर्स को संभालना बहुत सरल हो जाता है और समय भी बचता है। उदाहरण के तौर पर, अगर कोई यूज़र कहे, मैं नहीं चाहता कि जब मैं स्क्रीन देख रहा हूँ तो वह अपने आप बंद हो जाए, तो Bixby तुरंत इस बात को समझ लेता है और Keep Screen on While Viewing सेटिंग चालू कर देता है। इसके लिए यूज़र को न तो सेटिंग्स में जाकर फीचर को खोजने की ज़रूरत पड़ती है और न ही उसका सटीक नाम जानने की। सिर्फ सामान्य निर्देश देने के बजाय, Bixby अब फोन की मौजूदा सेटिंग्स को खुद पहचान सकता है और उसी के आधार पर सही समाधान सुझा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जवाहर नगर मंडल ने तात्यापारा चौक में सुनी पीएम मोदी की 'मन की बात'




**रायपुर।** तात्यापारा चौक स्थित वीर शिवाजी प्रतिमा स्थल पर रविवार को जवाहर नगर मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जवाहर नगर मंडल के मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदारनाथ कश्यप शामिल हुए। उनके साथ उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा तथा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता भी मौजूद रहे।

**विकास और पर्यावरण पर जोर-** सुबह 11 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने देश की प्रगति, पर्यावरण संरक्षण और सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने इन विषयों को छत्तीसगढ़ के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक बताया। **अतिथियों ने रखे विचार-** मंत्री केदारनाथ कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार जमीनी स्तर पर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। विधायक पुरंदर मिश्रा ने 'मन की बात' को जनसंवाद का प्रभावी माध्यम बताया, जो समाज को सकारात्मक दिशा देता है। कार्यक्रम में प्रदेश और जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और व्यापार प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप जंघेल, महामंत्री रमेश शर्मा, पार्षदगण एवं अन्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के सामूहिक श्रवण कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं और नागरिकों के बीच संवाद और सहभागिता को बढ़ावा मिलता है।

### सैमसंग इंडिया ने अपने अगले एआई स्मार्टफोन को 'प्री-रिजर्व' करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256जीबी से 512जीबी तक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त (कॉम्प्लिमेंट्री) दिया जाएगा। सैमसंग का अगला एआई फोन 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को,कैलिफोर्निया में आयोजित होने वाले 'गैलेक्सी अनपैक्ड' इवेंट में पेश किया जाएगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन की सुविधा Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, Amazon.in, Flipkart.com और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

### नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**रायपुर।** राजधानी के पुरानीबस्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत भांठागांव स्थित अवधपुरी में नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छात्र ने दो मंजिला इमारत से गले में जीआई तार बांधकर छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रायगढ़ निवासी पुष्पेंद्र पटेल के रूप में हुई है। वह भांठागांव में किराए के मकान में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। घटना के बाद वह फंदे पर लटका मिला। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई गई है, हालांकि सभी पहलुओं पर जांच जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### वास्तु के अनुरूप निखरेगा रायपुर प्रेस क्लब का स्वरूप

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित रायपुर प्रेस क्लब के व्यापक कायाकल्प की दिशा में ठोस पहल शुरू हो गई है। प्रेस क्लब के प्रस्तावित रेनोवेशन कार्य को वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों के अनुरूप संपन्न करने का निर्णय लिया गया है, ताकि भवन में सकारात्मक ऊर्जा, संतुलन और कार्यक्षमता का समुचित समावेश हो सके। इसी क्रम में सुप्रसिद्ध वास्तुविद रोहित खंडेलवाल ने प्रेस क्लब परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की संरचना, कक्षों की दिशा, ऊर्जा प्रवाह और वातावरण के सामंजस्य का गहन अध्ययन करते हुए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि वास्तु सम्मत सुधारों से न केवल कार्यस्थल का माहौल अधिक सकारात्मक बनेगा, बल्कि संस्थान की प्रगति और सक्रियता को भी नई गति मिलेगी। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा 'भारतीय', उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू तथा भूपेश जांगड़े उपस्थित रहे। प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी ने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों का सृजनात्मक और संवादात्मक केंद्र है। रेनोवेशन का उद्देश्य इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के साथ-साथ वास्तु के अनुरूप सकारात्मक और ऊर्जावान वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि पत्रकारों को बेहतर कार्य परिवेश मिल सके। महासचिव गौरव शर्मा 'भारतीय' ने बताया कि वास्तुविद द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर शीघ्र ही सुधार एवं नवीनीकरण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### निगम जोन 4 के सिविल लाईन वार्ड के पंचशील नगर में शीघ्र होगा सड़क डामरीकरण

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 अंतर्गत सिविल लाईन वार्ड क्रमांक 46 अंतर्गत पंचशील नगर में शीघ्र नवीन सड़क डामरीकरण विकास कार्य किया जायेगा. रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन 4 के सिविल लाईन वार्ड क्रमांक 46 अंतर्गत पंचशील नगर क्षेत्र में नवीन सड़क डामरीकरण विकास कार्य का श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल सर्विसेस कारपोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल ) के अध्यक्ष श्री दीपक म्हस्के ने सिविल लाईन वार्ड क्रमांक 46 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती संजना संतोष हियाल सहित वार्ड के रहवासी गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के मध्य श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर वार्ड 46 अंतर्गत पंचशील नगर क्षेत्र में नवीन सड़क डामरीकरण विकास कार्य का भूमिपूजन करते हुए कार्यारम्भ किया।

# संपादकीय

## भारत का स्कोर मध्यम स्तर पर

भारत की ताकत फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और आईटी सेवाओं में है, जो उच्च जटिलता वाले क्षेत्रों में आते हैं। लेकिन कृषि और प्राथमिक वस्तुओं की बड़ी हिस्सेदारी आर्थिक जटिलता सूचकांक पर भारत के ऊपर जाने में रुकावट है। जो देश मैनुफैक्चरिंग की विविधापूर्ण एवं बारीक क्षमताएं विकसित करते हैं, उनका तेजी से विकास होता है। ये निष्कर्ष हार्वर्ड ग्रोथ लैब का है। अमेरिका के मशहूर हार्वर्ड केनेडी स्कूल से संबंधित ये अध्ययन केंद्र ने विभिन्न देशों की उत्पादक क्षमता को मापते हुए आर्थिक जटिलता सूचकांक (ईसीआई) तैयार करता है। उसका दावा है कि इस पैमाने से विकास की रफ्तार का किसी अन्य पैमाने की तुलना में अधिक सटीक अनुमान लगाया जा सकता है। लैब अपने सूचकांक के आधार पर इस नतीजे पर है कि अगले दशक में प्रति व्यक्ति आर्थिक वृद्धि का अग्रणी देश वियतनाम होगा। यानी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका चीन इस मामले में वियतनाम से पीछे रहेगा। संस्था का निष्कर्ष है कि अगले दस साल तक वैश्विक ग्रोथ का नेतृत्व पूर्वी एशिया के हाथ में बना रहेगा। ईसीआई पर जापान पहले, ताइवान दूसरे, दक्षिण कोरिया चौथे और सिंगापुर पांचवें नंबर पर आया है। गुजरे पांच साल में तीन अंकों की उछाल हासिल करते हुए चीन अब टॉप 10 में पहुंच गया है, जबकि अमेरिका गिर कर 20वें स्थान पर चला गया है। 145 देशों की इस सूची में भारत को 41वें स्थान पर रखा गया है। विश्लेषकों के मुताबिक भारत का स्कोर मध्यम स्तर पर है, जो यह दिखाता है कि भारत की उत्पादन संरचना विविध तो है, लेकिन उच्च-तकनीक और जटिल उत्पादों में पर्याप्त विस्तार का अभाव है। इस सूचकांक में भारत को ऊपर चढ़ना है, तो उसे उच्च मूल्य वाले और तकनीकी रूप से परिष्कृत वस्तुओं के उत्पादन की क्षमता विकसित करनी होगी। भारत की ताकत फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और आईटी सेवाओं में है, जो उच्च जटिलता वाले क्षेत्रों में आते हैं। लेकिन कृषि और प्राथमिक वस्तुओं की बड़ी हिस्सेदारी ईसीआई पर भारत के ऊपर जाने में रुकावट है। ईसीआई में मुख्य ध्यान ज्ञान एवं उच्च उत्पादन क्षमताओं पर केंद्रित है। इन्हें किसी देश में उत्पादक ढांचे के विकास का सबसे अहम हिस्सा माना गया है। ये रिपोर्ट एक आईना है, जिससे पता चलता है कि दुनिया विकास कथाओं को किन कसौटियों पर देख रही है। भारतवासियों को इसमें अपना चेहरा जरूर देखना चाहिए।

## एक सौ करोड़ हिंदुओं का रक्षक डरा हुआ!

**हरिशंकर व्यास**

कितनी गजब बात है। क्या दुनिया के किसी देश, किसी संसद में ऐसा हुआ जो पहली बात सदन के नेता को स्पीकर बोले कि आपको भाषण नहीं देना है। और प्रधानमंत्री डर कर राष्ट्रपति अभिभाषण का भी धन्यवाद न करे! इससे भी बड़ा वैश्विक रिकॉर्ड तो देश का प्रधानमंत्री चंद महिला सांसदों के शोर, उनके घेरने को अपने जीवन पर खतरा माने? राहुल गांधी से आंखे मिलाकर अपने समय के ही सेनापति की पुस्तक को लेने से घबराए! और इससे भी अधिक शर्मनाक की राज्यसभा में विपक्ष की खाली बेंचों के आगे प्रधानमंत्री दहाड़े। राहुल गांधी के खानदान के कोसे, उन्हें गांधी के नाम का चोर बताए। अपने समर्थकों की गली में दहाड़ना और विपक्ष से भरी गली से दुबकना, भागना तो वैश्विक ताकत याकि चीन के शी जिनपिंग और अमेरिका के ट्रंप के आगे या तो घिग्घी बंधना, जबरदस्ती गले लगना या मौन रहना, अपमान सहना! ओह! हिंदू राष्ट्र। भला क्यों 140 करोड़ लोगों का प्रधानमंत्री और एक सौ करोड़ हिंदुओं का रक्षक इतना डरा हुआ! फिर भी नगाड़ा मैं देश और हिंदुओं का रक्षक। मुझे ही विश्वास नही हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार फरवरी को लोकसभा में इसलिए भाषण नहीं दिया क्योंकि उनको लग रहा था कि कुछ अप्रत्याशित घटित हो सकता है। और अपने मुंह से सीधा नहीं बोला। स्पीकर ने बोला कि उन्हें जो जानकारी मिली थी उस आधार पर उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वे चार फरवरी को शाम पांच बजे लोकसभा में भाषण देने नहीं आएं। सो, प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया और उनके भाषण के बगैर, उनकी गैरहाजिरी में लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण का धन्यवाद प्रस्ताव पास हुआ। भारत का नया रिकॉर्ड बना।

सवाल है क्या स्पीकर को ऐसी सूचना मिली कि महिला सांसद या विपक्ष के दूसरे सांसद प्रधानमंत्री पर हमला कर सकते हैं? आखिर क्या अप्रत्याशित घट सकता था? इसकी निश्चित रूप से जांच होनी चाहिए। आखिर विपक्ष के चुने गए सांसदों पर बहुत गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। अगर इसमें सचाई है तो जांच करके कार्रवाई करनी चाहिए नहीं तो यह माना जाएगा कि सरकार विपक्ष के सांसदों की साख खराब करने की कोशिश कर रही है। सोचें, अगर प्रधानमंत्री भाषण देने आ जाते और उनको भाषण देने से रोक दिया जाता तो क्या हो जाता? जैसे राहुल गांधी 46 मिनट तक बोलने की कोशिश करते रहे और नहीं बोल पाए वैसे प्रधानमंत्री भी नहीं बोल पाते। लेकिन वे लोकसभा में जाकर सदन का सामना करते तो उनकी 56 इंच की छाती प्रमाणित होती। वे तो इसकी बजाय लोकसभा छोड़ कर राज्यसभा में चले गए। वहां उन्होंने विपक्षी के वाकआउट के बीच डेढ़ घंटे तक भाषण दिया। सोचें, प्रधानमंत्री की सुरक्षा पर देश पांच सौ करोड़ रुपए से ज्यादा हर साल खर्च करता हैं। मतलब हर महीने 40 करोड़ रुपए से ज्यादा। यह स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप यानी एसपीजी का बजट है। पहले एसपीजी पूर्व प्रधानमंत्रियों के परिवार की सुरक्षा भी करती थी। लेकिन अब पूर्व प्रधानमंत्रियों के परिवार की एसपीजी सुरक्षा हटा दी गई है। एसपीजी अब सिर्फ प्रधानमंत्री की सुरक्षा करती है। एक व्यक्ति की सुरक्षा पर इतना रुपया खर्च होता है। फिर भी वह व्यक्ति अपने ही देश में, अपनी ही संसद में असुरक्षित महसूस करता है या खतरे से घबरा कर मैदान छोड़ देता है तो इसे क्या कहा जाएगा? क्या संसद में प्रधानमंत्री को सुरक्षित महसूस कराने के लिए वहां भी एसपीजी की तैनाती कराई जाए? क्या स्पीकर सदन के अंदर एसपीजी तैनात करें, प्रधानमंत्री की कुर्सी के पास बुलेटप्रूफ केबिन बनवाएं या विपक्ष के सांसदों को बाहर निकाल कर हर बार प्रधानमंत्री का भाषण कराया जाए?

# भारत के लिए बड़ा सबक है गलगोटिया यूनिवर्सिटी विवाद

**संतोष कुमार पाठक**

20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और 500 के लगभग वैश्विक एआई अग्रणी भारत की राजधानी दिल्ली में अपनी तरह के पहले वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अपनी नई भूमिका की तलाश कर रहा भारत, दुनिया के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इवेंट 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' की मेजबानी कर रहा है। यह पहली बार है जब एआई पर इस स्तर का वैश्विक सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित किया जा रहा है। सरकार ने इसे लेकर दावा भी किया है कि इस शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख, मंत्रीगण, वैश्विक प्रौद्योगिकी अग्रणी, प्रख्यात शोधकर्ता, बहुपक्षीय संस्थान और उद्योग जगत के हितधारक एक साथ आएंगे और समावेशी विकास को बढ़ावा देने, सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और सतत विकास को सक्षम बनाने में एआई की भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे।

राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी के साथ चल रहा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 अपने आप में यह बताता नजर आ रहा है कि भारत आज की तारीख में वैश्विक एआई संवाद का नेतृत्व कर रहा है और आने वाले दिनों में कोई भी देश भारत की भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकता। क्योंकि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 वैश्विक एआई एजेंडा को आकार देने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करता है।

दुनियाभर के दिग्गजों के साथ-साथ इस समिट में




भारत के भी कई विश्विद्यालय, कॉलेज और स्टार्टअप्स शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तो एआई को 5वीं औद्योगिक क्रांति की संज्ञा देते हुए यहां तक दावा किया कि, 3 लाख से ज़्यादा छात्रों और रिसर्चर्स ने रजिस्ट्रेशन किया है। देशभर के कई विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्टार्टअप ने समिट में एआई मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जाहिर सी बात है कि इस समिट के जरिए जहां चर्चा भारत के युवाओं की बौद्धिक क्षमता और टैलेंट की होनी चाहिए थी, वहीं गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने पूरी दुनिया के सामने भारत को शर्मसार कर दिया है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन में बने रोबोट को अपना इनोवेशन बताकर दिल्ली एआई समिट में पेश कर दिया। मीडिया से बात करते हुए एक प्रोफेसर ने बड़े ही गर्व के साथ चार पैरों वाले इस रोबोडॉग की खासियत भी कैमरे पर बताई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की इस प्रतिनिधि के हाव-भाव देखने लायक है।इसका नाम 'ओरियन' बताते हुए उन्होंने दावा किया कि इसे यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। सरकारी चैनल सहित देश के कई मीडिया संस्थानों ने इसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर जोर-शोर से चलाया और छापा भी। लेकिन चीन की तरफ से बयान आते ही पूरा मामला पलट गया। इसके बाद यह पता लगा कि वास्तव में यह गलगोटिया यूनिवर्सिटी द्वारा नहीं बल्कि चीन की एक कंपनी द्वारा बनाया गया एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग है, जो अपनी फुर्ती और एडवांस सेंसर्स के लिए दुनियाभर में मशहूर है।

विवाद बढ़ने और सोशल मीडिया पर लगातार ट्रोल होने के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने भी अपने झूठ को स्वीकार कर लिया। यूनिवर्सिटी ने एक लंबा चौड़ा बयान जारी कर यह स्वीकार किया कि यह रोबोडॉग उन्होंने नहीं बनाया है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर से झूठ का सहारा लेते हुए यह भी कह दिया कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने इसे बनाने का दावा नहीं किया। जबकि उनके प्रोफेसर का वायरल वीडियो ही उनके झूठ का पर्दाफाश कर रहा है। ऐसे में एक बार फिर से सरकार के विजन, नीति और फंड की व्यवस्था पर गहरे सवाल खड़े हो गए हैं। सरकार प्राइवेट विश्विद्यालय और कॉलेजों के सहारे देश में नई, बड़ी और स्पेशल रिसर्च नहीं करवा सकती क्योंकि इनकी भूमिका और इनके कामकाज का पूरा ढांचा ही संदिग्ध है। एडमिशन से लेकर क्लास और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी कई बार गहरे सवाल खड़े हो चुके हैं। भारत सरकार रिसर्च, इनोवेशन और पेटेंट फाइल करने के नाम पर निजी विभविद्यालयों को जो मोटा फंड देती है, उसकी न्यायिक जांच करवाने का भी समय आ गया है।

दरअसल, यह बिल्कुल सही समय आ गया है कि सरकार पहले की तरह सरकारी स्कूल, कॉलेज और विश्विद्यालयों में शिक्षा हासिल कर रही प्रतिभाओं को हर तरह से उभारने में मदद करें। इन संस्थानों में फीस और लालफीताशाही दोनों कम होनी चाहिए, जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और करप्शन पर हर हाल में लगाम होनी चाहिए।

# खाते में नगद पैसा किसको बुरा लगता

**सुनील दास**

कहावत है कि घर आई लक्ष्मी को कौन ठुकराता है। घर आई लक्ष्मी का तो हर कोई स्वागत करता है और उम्मीद करता है कि ज्यादा से ज्यादा लक्ष्मी घर आनी चाहिए। जनता के खाते जितना नगद पैसा आता है उसको भी उतना ही अच्छा लगता है। अब तो अच्छी सरकार वही मानी जाती है जो जनता की जेब में ज्यादा नगद पैसा डालती है। वह जमाना गया जब सरकार जनता को योजना बनाकर फायदा पहुंचाया करती है। अब तो डिजिटल युग है,दिल्ली से या राज्य की राजधानी से नगद पैसा डालो और वह सीधे जनता के खाते में पहुंच जाता है। खाते मे पैसा आता है जनता को अच्छा लगता है, सरकार को भी यह बताते हुए अच्छा लगता है कि उसने कितने महिलाओं के खाते में कितना पैसा डाला है। किसानों के खाते में कितना पैसा डाला है,मजदूरों के खाते में कितना पैसा डाला है।सरकार हर महीने पैसा जनता के खातों में डालती रहती है और अच्छी सरकार बनी रहती है।

जो दल सत्ता में है वह इसलिए पैसा खातों में डालता रहता है कि चुनाव के दौरान वादा किया गया था।जनता ने उनके वादे पर यकीन कर सत्ता सौंपी है तो वादा तो पूरा करना पड़ेगा। वादा पूरा नहीं किया नहीं किया को अगली बार जनता सत्ता से बाहर कर देगी। एक बार सत्ता में आने के बाद कोई राजनीतिक दल सत्ता से बाहर नहीं जाना चाहता है इसलिए जो सत्ता में हैं, वह सत्ता में रहने के लिए जनता को पैसा देते रहते हैं और जो लोग सत्ता में फिर से आना चाहते हैं वह चुनाव के पहले जनता से फिर वादा करते हैं कि वह सत्ता में आए तो और कितना पैसा जनता के खाते में डालेंगे।तमिलनाडु में द्रमुक की सरकार है, वह सत्ता में रहते तो जनता के खाते में सहायता के नाम पर पैसा डाल रही है। इसी साल चुनाव है फिर से सत्ता में आना है इसलिए मंत्री ने चुनाव के पहले महिलाओं को बता दिया कि सरकार ने उनके खाते में एकमुश्त पांच हजार रुपए डाल दिए हैं। इसमें तीन हजार रुपए तीन माह की मासिक सहायता है और दो हजार रुपए ग्रीष्मकालीन विशेष पैकेज के रूप में दिया गया है। पं.बंगाल में सरकार युवाओं को युवा साथी नगद योजना के तहत शिक्षित बेरोजगारों को 1500 रुपए देने की योजना बनाई है। बिहार में सरकार ने इसी तरह महिलाओं के खाते में एक मुश्त दस हजार रुपए चुनाव के पहले डाले थे तो कांग्रेस सहित विपक्ष के नेताओं ने इसका विरोध किया था।अब विपक्ष शासित राज्य तमिलनाडु व पं. बंगाल में वही किया जा रहा है तो विपक्ष के किसी नेता यह बुरा नहीं लग रहा है।

जनता को नगद पैसा देना राजनीतिक दलों को बुरा नहीं लगता है हर राजनीतिक मानता है कि सत्ता हासिल करनी है तो जनता को नगद पैसा देना होगा। जनता को नगद पैसा देने पर ही चुनाव में जीत मिलती है। कई राज्यों में राजनीतिक दलों को जीत मिली है इसलिए जो राजनीतिक दल सत्ता में है वह राजनीतिक चुनाव जीतने के लिए जनता से नगद पैसा देने का वादा कर रहे हैं।तमिलनाडु सरकार का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो जिसमें राज्य सरकार जनता को चुनाव के पहले मुफ्त बिजली देना चाहती है तो सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार सहित सभी राज्य सरकारों को फटकार लगाई है कि इस तरह मुफ्त खाना, मुफ्त बिजली देते रहेंगे तो विकास के लिए पैसा कहां से बचेगा।सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को याद दिलाया है कि देश के ज्यादातर राज्य तो पहले से घाटे में है। फिर भी विकास को छोड़कर मुफ्त सुविधाएं और नगद पैसे बांट रहे हैं।जो लोग भुगतान नहीं कर सकते उन्हें सहायता देना समझ मे आता है लेकिन अमीर गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त सुविधा देने गलत नीति है।

यह बात तो राजनीतिक दल भी जानते हैं लेकिन उनको चुनाव के पहले सबका वोट चाहिए इसलिए वह सबको देने का वादा करते हैं, चुनाव के बाद वह नियम व शर्तें लगाकर लोगों की संख्या कम करने का प्रयास करते हैं। .ऐसा कई राज्यों में हो चुका है। फिर भी जिन लोगों को नगद पैसा मिलता है, उनकी संख्या लाखों से लेकर एक दो करोड़ तो होती ही है। यह सच है कि इससे राज्य का विकास प्रभावित होता है लेकिन यह भी सच है कि राजनीतिक दल सत्ता में आने के बाद खूब भ्रष्टाचार करते है अपने लिए, परिवार के लिए और पार्टी के लिए भी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट फटकार लगाता है तो लगाते रहे राजनीतिक दलों को पहले इस तरह की फटकार का कोई असर हुआ है और न भविष्य में होने वाला है।

# शंकराचार्य के साथ ऐसा बरताव

**अजीत द्विवेदी**

यह संयोग नहीं है कि करीब तीन साल तक आधा दर्जन से ज्यादा पिछड़ी जाति के नेताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की चर्चा करने के बाद भाजपा ने अगड़ी जाति के नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया और उसके बाद यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव खत्म करने के नाम पर ऐसा नियम पेश किया, जिसके खिलाफ पूरा सवर्ण समाज आंदोलित हुआ। यह भी संयोग नहीं है कि एक शंकराचार्य को माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन स्नान से रोका गया और 11 दिन के अनशन के बाद भी किसी ने अनशन समाप्त कराने का प्रयास नहीं किया। उलटे शंकराचार्य की साख बिगाड़ने और उनके पट्टाभिषेक को विवादित साबित करने वाले काम हुए।

शंकराचार्य को मेला प्रशासन ने नोटिस देकर उनकी पदवी के बारे में सफाई मांगी और दूसरी नोटिस में उनको धमकाया कि जमीनें ले ली जाएंगी और सुविधाएं छीन ली जाएंगी। हिंदुत्व की राजनीति करने वाली पार्टी अगर हिंदू धर्म की धार्मिक व आध्यात्मिक परंपरा के शिखर पर बैठे चार में से एक शंकराचार्य को धमकी दे रही है तो वह अनायास नहीं हो सकता है।

संभव है कि ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ रविवार, 18 जनवरी को जो घटना हुई वह अचानक हो गई हो। वे पालकी से स्नान के लिए जा रहे थे और भीड़ बहुत होने की वजह से उनको रोका गया हो। लेकिन उसके बाद जो कुछ भी हो रहा है वह एक राजनीतिक योजना का हिस्सा प्रतीत होता है। ऐसा लग रहा है कि शंकराचार्य से पुरानी बातों और उनके बयानों का बदला लिया जा रहा है और उस पद के महत्व को हमेशा के लिए समाप्त किया जा रहा है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अक्सर विवादित बयान देते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनके विवादित बयानों से अछूते नहीं रहे हैं। उन्होंने पिछले साल प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ और लोगों की मौत को लेकर राज्य की योगी आदित्यनाथ की सरकार को भी कठघरे में खड़ा किया था।

ध्यान रहे भारत में शंकराचार्य का पद कभी भी ईसाई धर्म के वेटिकन के पोप की तरह या इस्लाम धर्म के मौलानाओं, शाही इमामों या खलिफाओं की तरह नहीं रहा है। वे हिंदू धर्म के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं जारी करते हैं और उनके प्रति सम्मान का भाव रखने वाला हिंदू समाज भी उनके हिसाब से अपना जीवन चलाने के लिए बाध्य नहीं होता है। वे सनातन की आध्यत्मिक परंपरा के सर्वोच्च प्रतिनिधि होते हैं। आदि शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत का जो सिद्धांत दिया



वे उसका प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत के एक राष्ट्र राज्य के तौर पर उभरने से पहले शंकराचार्य द्वारा निर्धारित की गई भौगोलिक सीमा के चारों कोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस लिहाज से उनका अपना महत्व है।

शंकराचार्यों की बातों को हिंदू जीवन पद्धति में हस्तक्षेप के तौर पर कभी नहीं देखा गया लेकिन पिछले कुछ समय से कुछ शंकराचार्यों और अन्य धर्मगुरुओं या कथावाचकों का राजनीति में हस्तक्षेप बढ़ा है। अपने समर्थकों या प्रशंसकों की संख्या बढ़ाने के लिए वे लोकप्रिय भावना के अनुरूप बयानबाजी करने लगे। इसमें कथावाचक और धर्म को कारोबार बनाने वालों ने तो सहज रूप से सबसे शक्तिशाली दल और सरकार के समर्थन में बोलना शुरू कर दिया लेकिन आध्यात्मिक परंपरा का पालन करने वाले शंकराचार्यों ने ऐसा नहीं किया।

तभी जब सौंदर्यीकरण के नाम पर मंदिर तोड़े गए तो स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की तुलना औरंगजेब से कर दी या जब अयोध्या में राममंदिर संपूर्ण नहीं हुआ था, उसका शिखर नहीं बना था, उस पर ध्वजा नहीं फहराई गई थी तो चारों शंकराचार्य उसके उद्घाटन में शामिल होने नहीं गए। हो सकता है कि इससे राजसत्ता में नाराजगी हुई हो। राजसत्ता ने धर्मसत्ता को अपने लिए चुनौती की तरह देखा हो और अविमुक्तेश्वरानंद के पुराने राजनीतिक बयानों को आधार बना कर उनके बहाने शंकराचार्य की समूची व्यवस्था की साख बिगाड़ने और उसका महत्व कम करने का प्रयास किया जा रहा हो।

यह भी हो सकता है कि प्रयागराज में माघ मेले में हुई घटना के बहाने सबक देने की कोशिश हुई हो ताकि आगे यह सुनिश्चित किया जा सके कि धर्मसत्ता कभी भी राजसत्ता का विरोध न करे। शंकराचार्य इस बात को समझ रहे हैं तभी धीरे धीरे बाकी तीन शंकराचार्यों, द्वारिका की शारदा पीठ के सदानंद जी महाराज, पुरी की गोवर्धन पीठ के स्वामी निश्चलानंद जी महाराजा और श्रृंगेरी पीठ के स्वामी भारती तीर्थ जी महाराज ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का समर्थन किया है। पहले अगर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पट्टाभिषेक को लेकर कुछ संशय् था तो उसे दरकिनार करके तीनों शंकराचार्य उनके समर्थन में उतरें हैं।

ध्यान रहे शंकराचार्य का चयन शंकराचार्य ही करते हैं। उसके बाद ज्यादा से ज्यादा यह होता है कि बाकी शंकराचार्य उसका समर्थन करें। इस लिहाज से अविमुक्तेश्वरानंद की नियुक्ति विवादित नहीं होनी चाहिए थी क्योंकि उनके गुरू और शारदा पीठ व ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने उनकी नियुक्ति की थी। ज्योतिषपीठ विवाद में इसलिए फंसा क्योंकि स्वरूपानंद सरस्वती दो पीठों के शंकराचार्य थे। सवाल उठाया गया कि एक व्यक्ति दो पीठ का शंकराचार्य नहीं हो सकता है। इसी तरह से यह भी परंपरा है कि कोई भी पीठ खाली नहीं रहेगी। सो, अगर अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य नहीं माना जाए तो क्या तीन साल से ज्यादा समय से ज्योतिषपीठ खाली है?

बहरहाल, सरकार को इन तमाम बातों की जानकारी है। इसके बावजूद शंकराचार्य से जुड़े विवाद को बढ़ने दिया गया और उनको ससम्मान स्नान करा कर विदा करने और विवाद समाप्त करने की बजाय उनको धमकाया गया। सोचें, जो सरकार या जो पार्टी हत्या और बलात्कार के दोषी ठहराए गए या आरोपी बनाए गए कथावाचकों व कथित संतों को समस्त सुविधाएं देती हो वह एक शंकराचार्य के साथ ऐसा बरताव करे तो क्या इसे सामान्य घटना मान सकते हैं? असल में देश हजारों की संख्या में जो कथावाचक पैदा हुए हैं या कथित साधु, संत, बाबा, महामंडलेश्वर पैदा हुए हैं उनका स्वार्थ है। वे ज्यादा से ज्यादा शिष्य या श्रोता बनाने के लिए काम करते हैं और पैसे कमाने, राजनीति को प्रभावित कर सकने वाली हस्ती बनाने और तमाम भौतिक सुख सुविधाएं हासिल करने के लिए काम करते हैं। इनमें कुछ अपवाद भी होंगे लेकिन ज्यादातर ऐसे ही हैं। ऐसे लगभग सभी लोग भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करते हैं और दिन रात प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्रियों का गुणगान करते हैं। शंकराचार्य ये काम नहीं करते हैं और न कर सकते हैं। वे धर्म, आध्यात्म और समाज से जुड़े गंभीर प्रश्न उठाते हैं, जिससे सरकार असहज होती है।

तभी अविमुक्तेश्वरानंद के बहाने शंकराचार्य के पद की प्रतिष्ठा को समाप्त किया जा रहा है। उनकी जगह कथावाचकों व अनाप शनाप बयानबाजी करने और हिंदू मुस्लिम नैरेटिव को बढ़ाने का काम करने वाले कथित साधु संतों का महिमामंडन किया जा रहा है। एक बारीक बात यह है कि शंकराचार्य पारंपरिक रूप से ब्राह्मणवादी व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिस तरह से यूजीसी के नए नियमों का मकसद पिछड़ी जातियों को एक संदेश देना है उसी तरह शंकराचार्य को टारगेट करके भी पिछड़ी जातियों को संदेश दिया जा रहा है कि सरकार पारंपरिक ब्राह्मणवादी व्यवस्था को समाप्त कर रही है।

असल में भाजपा को लग रहा है कि कांग्रेस, सपा, राजद जैसी विपक्षी पार्टियां 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा देकर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी आबादी को अपने साथ जोड़ रही हैं। विपक्ष का यह वोट अपनी ओर करने की दीर्घकालिक योजना के तहत भाजपा नए प्रयोग कर रही है। वह कुछ आगे बढ़ेगी और कुछ पीछे हटेगी लेकिन यह प्रयोग चलेगा। उसको लग रहा है कि अंत में सवर्ण मतदाताओं के पास भाजपा के अलावा कोई चारा नहीं होगा। इसलिए वह एससी, एसटी और ओबीसी वोट सुरक्षित करने का प्रयास कर रही है। इसका एक बड़ा हिस्सा पहले से भाजपा के साथ है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद पिछड़ी जाति का प्रतीक चेहरा हैं। प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का भी चेहरा हैं। इसलिए यह मैसेज भी दिया जा रहा है कि उनके रहते शंकराचार्यों की क्या जरुरत है! राजनीति में अक्सर नेता यह गलती करते हैं। वे अपना मूल छोड़ कर दूसरे का वोट हथियाने की कोशिश करते हैं और इस कोशिश में अपना मूल भी गंवा देते हैं।




# 30 की उम्र में इन न्यूट्रिएंट्स से करें दोस्ती, बुढ़ापे में नहीं होगी परेशान

30 साल के बाद हर किसी का शरीर एक्स्ट्रा केयर खोजता है। खासकर महिलाओं को इसकी ज्यादा जरूरत होती है। इस उम्र में अक्सर शरीर के अंगों के कामकाज की रफ्तार धीमी होने लगती है। ऐसे में जरूरी है कि महिलाएं अपनी सेहत का खास ख्याल रखें। आज हम आपको एक्सपर्ट की बताएं उन पांच न्यूट्रिएंट्स की जानकारी दे रहे हैं, जिसे हर महिला को अपने डाइट का हिस्सा बनना चाहिए।

## विटामिन डी

महिलाओं को अपनी डाइट में विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थों को जरूर शामिल करना चाहिए। यह एक मास्टर न्यूट्रिएंट्स होता है, जो आप के हार्मोनल बैलेंस को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा यह मूड बूस्टर की तरह काम करता है और इम्यूनिटी मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विटामिन डी की कमी आप दूध, मशरूम, सेलमन मछली का सेवन करके पूरा कर सकते हैं।

## आयरन

आयरन युक्त खाद्य पदार्थों को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। खासकर आप वर्किंग वुमन हैं और आप बहुत जल्दी थकान और कमजोरी महसूस करती हैं यह एक परफेक्ट एनर्जी बूस्टर की तरह काम करता है। इससे शरीर में खून की कमी नहीं होती है और एनीमिया जैसी बीमारी की चपेट में आने से आप बच सकती हैं। इसके लिए आप नट्स, सीड्स, पालक ब्रोकली, अनार का सेवन कर सकती हैं।

## ओमेगा 3 फैटी एसिड

हार्ट और ब्रेन हेल्थ को बरकरार रखने के लिए महिलाओं को ओमेगा 3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थों को भी डाइट में शामिल करना चाहिए। यह इन्फ्लेमेशन से भी लड़ने में मदद करता है और आपको क्रॉनिक बीमारियों के खतरे से बचाता है। इसके लिए आप चिया सीड्स,दूध, सी फूड का सेवन कर सकती हैं।

## कैल्शियम

कैल्शियम भी एक बहुत ही जरूरी न्यूट्रिएंट्स है। यह न सिर्फ हड्डियों को मजबूती देता है बल्कि ओवर ऑल स्ट्रैंथ के लिए जिम्मेदार होता है। इससे मसल्स का फंक्शन भी सही होता है और नर्व भी ठीक प्रकार से फंक्शन करता है। इसकी कमी को पूरा करने के लिए डेयरी प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल करना चाहिए।

## फोलेट

फोलेट भी बहुत ही जरूरी न्यूट्रिएंट्स में से एक है। खासकर जो महिलाएं मां बनने वाली हैं, उन्हें अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। इससे रेड ब्लड सेल्स बूस्ट होता है और खून की कमी नहीं होती। इसके लिए चिकपी, ब्रोकली, नट्स का सेवन करना चाहिए।





# जिंदगी की भागदौड़ से हो गए हैं परेशान? सेहतमंद रहने के लिए इन बातों पर दें ध्यान

**कई बार हम अंदर ही अंदर घुटते रहते हैं, जिसका असर मेंटल ही नहीं फिजिकल हेल्थ पर भी होता है। एक्सपर्ट की बताई कुछ खास बातों का ख्याल रखकर आप खुद को सेहतमंद रख सकती हैं।**

भागदौड़ से भरी इस जिंदगी में भला कौन तनाव से परेशान नहीं है। सभी को किसी न किसी बात का स्ट्रेस तो है ही। जिंदगी की मुश्किलों को हल करते हुए अक्सर हम खुद की परवाह करना भूल जाते हैं। अपनी सेहत को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। लेकिन असल में सेहतमंद रहने के लिए सही खान-पान, एक्सरसाइज और हेल्दी रूटीन के अलावा भी कई चीजें जरूरी हैं। जब हम मानसिक तौर पर परेशान होते हैं, अपने दिल की बात कह नहीं पाते हैं या फिर ओवरथिंकिग करते हैं, तो इसका असर हमारी ओवरऑल हेल्थ पर होता है। इसलिए, खुद को खुश रखने पर और खुद की परवाह करने पर ध्यान देना चाहिए। सेहतमंद रहने के लिए कुछ बातों पर जरूर ध्यान दें।

## सोशल एक्टिविटी पर ध्यान दें

अक्सर हम जिंदगी की भागदौड़ में इतना उलझ जाते हैं कि उन चीजों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं जो असल में हमारे लिए जरूरी हैं। रोजमर्रा के कामकाज के बीच हर हफ्ते कम से कम एक घंटा आपको किसी सोशल एक्टिविटी से लिए निकालना चाहिए। अपने दोस्तों से मिलें, बाहर जाएं या फिर कुछ भी ऐसा करें जो आपको पसंद हो। इसका मेंटल हेल्थ पर पॉजिटिव असर होता है।

## सेल्फ केयर पर ध्यान दें

इस बात को समझना जरूरी है कि आप अपने अपनों के लिए भी कुछ तभी कर पाएंगे तब आप खुद हेल्दी होंगे। इसलिए, अपनी परवाह करें। खान-पान को नजरअंदाज न करें। हेल्दी डाइट लें, खुलकर अपने बारे में बात करें और एक हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करें। अगर शरीर में किसी तरह की परेशानी महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

## ब्रेक भी है जरूरी

जिंदगी की भागदौड़ से अगर आप थक गए हैं और आपके स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ रहा है, तो इसे समझें। रोजमर्रा की जिंदगी के थोड़ा ब्रेक भी जरूरी है। ब्रेक में हेल्दी एक्टिविटी जैसे योगा, ब्रिस्क वॉकिंग, रीडिंग या फिर कुछ भी और करें, जिससे आपकी सेहत पर अच्छा असर हो।





# बच्चों में नजर आने वाले ये लक्षण हो सकते हैं एनीमिया के संकेत

एनीमिया एक ऐसी समस्या है जिसमें शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या में कमी हो जाती है। यानी शरीर में खून की कमी हो जाती है। लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन होता है, यह एक ऐसा प्रोटीन होता है जो फेफड़ों से ऑक्सीजन ले जाने और शरीर के सभी भागों में पहुंचाने में सक्षम बनाता है। जब शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है तो रक्त ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति नहीं कर पता है। यह ज्यादातर महिलाओं में देखने को मिलता है लेकिन बच्चे भी इसके शिकार हो जाते हैं। आज हम जानेंगे कि बच्चों में एनीमिया होने पर क्या लक्षण नजर आते हैं।

## बच्चों में एनीमिया होने पर नजर आने वाले लक्षण

- अगर आपका बच्चा थोड़ी देर ही खेलने के बाद थक जाता है तो यह एनीमिया के सबसे आम लक्षणों में से एक।
- खून की कमी के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होने लगती है जिससे बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है।
- एनीमिया के चलते बच्चों में चिड़चिड़ापन और बेचैनी भी देखने को मिलता है।
- सीढ़ियां चढ़ने बाद बच्चे का सांस फूलने लगना या सांस लेने में दिक्कत हो तो यह भी एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं। खून की कमी के कारण ऑक्सीजन की सप्लाई नहीं हो पाती है।
- बार-बार बच्चा सिर में दर्द और चक्कर की शिकायत करता है तो भी ये एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं।
- त्वचा और आंखों का पील पड़ना भी एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं।
- कई बार हार्ट रेट भी बढ़ जाता है और शरीर का तापमान भी गिरने लगता है।
- यह भी पढ़ें-हार्ट अटैक आने के 15 मिनट के अंदर कर लें उपाय, बच सकती है मरीज की जान

## ऐसे करें बचाव

- ऐसे कोई भी लक्षण आपके बच्चे में नजर आते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर से चेकअप करवाएं और डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाई का सेवन करवाएं।
- इसके अलावा आप हरी सब्जियां,दाल, नॉन वेजिटेरियन फूड भी बच्चे को खिला सकते हैं। इससे भी शरीर में रेड ब्लड सेल्स बढ़ते हैं।
- विटामिन सी से भरपूर नींबू, संतरा, कीनू, कीवी, स्ट्रॉबेरी जैसे पौष्टिक फलों को डाइट का हिस्सा बनाएं। इससे भी शरीर आयरन को तेजी से अब्जॉर्ब कर पाता है।



# हार्मोनल इंबैलेंस दूर करने के लिए महिलाएं डाइट में शामिल करें ये चीजें

**महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजन जैसे कई हार्मोन्स का सही संतुलन होना जरूरी है। हार्मोनल इंबैलेंस दूर करने के लिए कुछ खास चीजों को डाइट में लेना और हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करना जरूरी है।**

हार्मोनल बैलेंस का सीधा असर हमारी सेहत पर होता है। अगर शरीर में हार्मोन्स बैलैंस नहीं हैं, तो इससे हमारी पूरी सेहत प्रभावित होती है। शरीर के सही तरह से फंक्शन करने के लिए हार्मोन्स का लेवल सही होना जरूरी है। खासकर, महिलाओं के शरीर में अगर हार्मोन्स ऊपर-नीचे होते हैं, तो इससे महिलाओं की फर्टिलिटी, डाइजेशन, वजन और मूड समेत कई चीजें प्रभावित होती हैं। महिलाओं की हार्मोनल हेल्थ के लिए एस्ट्रोजन हार्मोन का सही लेवल जरूरी है। कुछ फूड्स इसे मैनेज करने में खास भूमिका निभाते हैं। इन्हें महिलाओं को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इस बारे में डाइटिशियन राधिका गोयल जानकारी दे रही हैं। राधिका सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

## फाइबर रिच फूड्स

फाइबर रिच फूड्स शरीर में एस्ट्रोजन के लेवल को बैलेंस करने में मदद करते हैं। ये शरीर से अतिरिक्त एस्ट्रोजन को बाहर निकालने के लिए जरूरी होते हैं। एस्ट्रोजन की अधिक मात्रा शरीर के कई फंक्शन्स पर असर डाल सकती हैं। ऐसे में फाइबर रिच फूड्स को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

## क्रूसिफेरस वेजिटेबल्स

ब्रोकली, पत्तागोभी और फूलगोभी जैसी क्रूसिफेरस सब्जियां भी शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन को बैलेंल करने के लिए जरूरी हैं। इन सब्जियों में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो एस्ट्रोजन मेटाबॉलिज्म और बैलेंस के लिए जरूरी होते हैं।

## हेल्दी फैट्स

शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए हेल्दी फैट्स जरूरी हैं। हेल्दी फैट्स जैसे एवाकाडो, फैटी फिश और नट्स को डाइट में शामिल करें। इससे हार्मोनल बैलेंस में मदद मिलती है।

## फ्लैक्स सीड्स

फ्लैक्स सीड्स में लिग्नांस होते हैं और कई ऐसे गुण पाए जाते हैं जो एस्ट्रोजन लेवल को रेगुलेट करने में मदद करते हैं। इन्हें आप कई तरह से डाइट में शामिल कर सकती हैं। इनकी चटनी (अलसी के बीज की चटनी), रोटी और रोस्टेड सीड्स भी फायदेमंद होते हैं।

## चिया सीड्स

फ्लैक्स सीड्स की तरह चिया सीड्स में भी लिग्नांस और फाइबर होता है। ये भी हेल्दी एस्ट्रोजन मेटाबॉलिज्म को सपोर्ट करते हैं। इन्हें भिगोकर डाइट में शामिल करें। इससे वजन भी कंट्रोल में रहता है।



# सेहत को कमाल के फायदे पहुंचाती है अमरूद की चटनी



अमरूद एक ऐसा फल है जो सभी को पसंद आता है। नमक और मिर्च लगाकर अमरूद खाने का जो मजा है वह शायद ही किसी और फल को खाने में आता होगा। कुछ लोग अमरूद साबुत कहते हैं तो कुछ इसकी जेली बनाकर खाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी अमरूद की चटनी खाई है? जी हां अमरूद की चटनी खाने में तो स्वादिष्ट लगती ही है, इससे सेहत को भी खूब लाभ पहुंचता है। आइए जानते हैं इस बारे में डाइटिशियन लवनीत बत्रा से।

## अमरूद की चटनी खाने के फायदे

- अमरूद में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें, तो इसमें मैंगनीज, पोटैशियम, विटामिन- सी, मिनरल, लाइकोपीन फाइबर होते हैं। वहीं, जब इसकी चटनी बनाई जाती है, तो इसमें और भी कई तरह के इंग्रीडिएंट को शामिल किए जाते हैं, जिससे इसका फायदा दोगुना हो सकता है।
- अमरूद की चटनी का सेवन करने से डायबिटीज के मरीजों को फायदा हो सकता है। दरअसल, इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है।, इसकी वजह से यह ब्लड शुगर को रेगुलेट करने में मदद करता है। इससे शुगर स्पाइक नहीं होता है।
- अमरूद में पोटैशियम भी होता है जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करके हार्ट हेल्थ को फायदा पहुंचा सकता है।
- इसके अलावा, इस चटनी का सेवन करने से पाचन दुरुस्त होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन- तंत्र को बूस्ट करता है, जिससे कब्ज और, एसिडिटी जैसी परेशानी नहीं होती है।
- इसमें भरपूर विटामिन- सी होता है, जिससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत बनती है। इससे आपकी ओवरऑल हेल्थ को फायदा पहुंचता है। वहीं, इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल से लड़ने में मदद करते हैं, जिससे कई तरह की क्रॉनिक बीमारियों का खतरा कम होता है।

# क्या आप भी डेंटल फ्लॉस का इस्तेमाल करते हैं? जान लें नुकसान

दांत साफ हो तो आपकी मुस्कान और भी ज्यादा खूबसूरत लगती है। इसलिए जरूरी है कि दांतों को सही तरीके से साफ किया जाए। ओरल हेल्थ न सिर्फ दांतों को सड़न से बचाता है बल्कि ओवरऑल हेल्थ को फायदा पहुंचता है। यही वजह है कि अक्सर डॉक्टर डेंटल फ्लॉस इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं, जिससे दांतों के बीच फंसे भोजन आराम से निकल जाता है। लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि डेंटल फ्लॉस के कुछ नुकसान भी हैं। आइए इस बारे में डेंटल डॉक्टर तलबिया खान से जानते हैं।

## क्या होता है डेंटल फ्लॉस

डेंटल फ्लॉस एक काफी पतला सिंथेटिक धागा होता है जिसे दांतों के बीच में घुसाकर दांतों के बीच फंसी गंदगी को हटाया जा सकता है। कई बार कुछ ऐसा खाते हैं जो दांतों के बीच में फंस जाता है और इसके कारण बैक्टीरिया पैदा होते हैं। इससे मुंह में स्मेल और सड़न जैसी दिक्कत होती है। वहीं डेंटल फ्लॉस इस्तेमाल करने से दांतों में प्लाक जमा नहीं होते हैं। एक्सपर्ट की माने तो डेंटल फ्लॉस से फायदा और नुकसान दोनों हो सकता है। यह पूरी तरह से इस बात पर डिपेंड करता है कि आप किस तरह का फ्लॉस इस्तेमाल करते हैं। दरअसल कुछ ऐसे डेंटल फ्लॉस होते हैं जो टॉक्सिक केमिकल टेफ्लॉन से बनाए जाते है। जब शरीर के अंदर यह केमिकल जाते हैं तब थायराइड जैसी समस्या हो सकती है हार्मोन असंतुलन हो सकता है। वहीं कुछ फ्लॉस में फ्रेगनेंस होता है। यह सिंथेटिक खुशबू होती है। इनमें भी कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं जिससे शरीर के अंदर गड़बड़ी हो सकती है। वहीं जो लोग दिन भर में एक बार से ज्यादा फ्लॉसिंग करते हैं उनके मसूड़े की टिशू डैमेज हो सकती है। इसके अलावा दांतों के बीच स्पेस भी बढ़ सकता है।

## फ्लॉसिंग का सही तरीका

- एक्सपर्ट कहती हैं कि ओरल हेल्थ के लिए फ्लॉसिंग जरूरी है लेकिन आप जब भी फ्लॉस स्टिक का चुनाव करें तो ध्यान रहे कि यह केमिकल फ्री होना चाहिए।
- वहीं अक्सर लोग फ्लॉसिंग बहुत तेज कर लेते हैं इसकी वजह से मसूड़ों से खून आने लगता है जो कि कई तरह की समस्या पैदा कर सकता है इसलिए जब भी फ्लॉसिंग करें हल्के हाथों से फ्लॉसिंग करें।



# मुख्यमंत्री साय पहुंचे गिरौदपुरी धाम, गुरुगद्दी में मत्था टेककर लिया आशीर्वाद

**गिरौदपुरी मेला मे उमड़ा आस्था का सैलाब**

**प्रदेश की खुशहाली की कामना, मुख्यमंत्री स्वयं परोसा श्रद्धालुओं को प्रसाद**

**होली पर ड्राई डे रहेगा यथावत- मुख्यमंत्री**

**रायपुर (समय दर्शन)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को बाबा गुरु घासीदास जी की तपोभूमि गिरौदपुरी धाम पहुंचकर गुरुगद्दी में विधिवत पूजा-अर्चना कर मत्था टेका और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री के आगमन से गिरौदपुरी धाम परिसर में श्रद्धा और उत्साह का विशेष वातावरण देखने को मिला।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह गिरौदपुरी पहुंचे। उन्होंने संत बाबा गुरु घासीदास जी के गुरू गद्दी में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास की कामना की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि गिरौदपुरी धाम छत्तीसगढ़ की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां आकर उन्हें आत्मिक शांति व सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है। दर्शन उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मेले में पहुंचे



श्रद्धालुओं के बीच गए और स्वयं अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद किया और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने उनसे मुलाकात की और तस्वीरें भी खिंचवाईं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्श समाज को सद्भाव, समानता और भाईचारे का संदेश देते हैं, जिसे आत्मसात करना आवश्यक है।

**मेले के पहले दिन उमड़ी भारी भीड़**

गिरौदपुरी धाम में आयोजित वार्षिक मेले के पहले ही दिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल बना हुआ है।

प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, पेयजल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की गई है। अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती कर व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि होली पर्व के अवसर पर ड्राई डे को निरस्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफशब्दों में कहा कि ड्राई डे रहेगा ही और शासन के निर्देशानुसार नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग होली का पर्व शांति, सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ मनाएं। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखी गई।

## खबर-खास

### होली से पहले अन्नदाताओं को ऐतिहासिक सौगात : शीला टाकेश सिन्हा



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने राज्य मंत्रिपरिषद के ऐतिहासिक निर्णय का जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि यह फैसला प्रदेश के लाखों किसानों के जीवन में खुशहाली और आर्थिक मजबूती लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार की किसान हितैषी सोच और अन्नदाताओं के प्रति सम्मान का सशक्त प्रमाण है।

उन्होंने बताया कि 11 फरवरी 2026 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त उनके बैंक खातों में सीधे अंतरित की जाएगी। इससे किसानों को त्योहार से पहले बड़ी राहत मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बनेगा। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश में कुल 25,24,339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। यह रिकॉर्ड खरीदी न केवल राज्य की कृषि व्यवस्था की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि किसानों के सरकार पर बढ़ते भरोसे का भी परिचायक है। सरकार की कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत लगभग 10,000 करोड़ रुपये की विशाल राशि किसानों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की जाएगी। यह धनराशि समय पर मिलने से किसान अपनी पारिवारिक आवश्यकताओं, खेती से जुड़े निवेश और त्योहारों की तैयारियों को बेहतर ढंग से कर सकेंगे।

श्रीमती सिन्हा ने कहा कि यह निर्णय किसानों की कड़ी मेहनत और समर्पण का सम्मान है। इससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि ग्रामीण बाजारों में क्रय शक्ति बढ़ेगी, रोजगार के अवसर सृजित होंगे और समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला किसान हित में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में प्रदेश की कृषि को और अधिक सशक्त बनाएगा।

### हीरालाल वर्मा बने भरदालोधी प्रधान पाठक



**साजा (समय दर्शन)।** साजा समीपस्थ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरदालोधी में हीरालाल वर्मा ने पदोन्नत होकर प्रधान पाठक पद पर कार्यभार ग्रहण किया। प्रधान पाठक वर्मा ने सन् 2006 से अब तक शिक्षक के रूप में शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय, कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासन प्रियता और समर्पण भाव से कार्य करते रहे हैं। हमेशा बच्चों के प्रति निष्ठावान रहें व नैतिक मूल्य एवं संस्कारों को बढावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रही । हीरालाल वर्मा के पदोन्नति होने पर संस्था के शिक्षक नरेश बघेल, राजू सेन, चुरावन बघेल, मुकेश वर्मा (प्रधान पाठक), शिवेंद्र डहरवाल एवं शाला के समस्त छात्र-छात्राओं ने प्रधान पाठक हीरालाल वर्मा को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### रिश्वत लेते फूड इंस्पेक्टर को एसीबी ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** एसीबी द्वारा लगातार छेड़े जा रहे व्यापक ट्रैप अभियान के तारतम्य में एसीबी द्वारा जिले में मस्तूरी क्षेत्र के फूड इंस्पेक्टर श्याम वस्त्रकार को 90 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। डीएसपी एसीबी अजितेश सिंह ने बताया कि ग्राम विद्याडीह थाना मस्तूरी निवासी महेंद्र पटेल द्वारा 3 फरवरी को एसीबी में इस आशय की शिकायत की गई थी कि ग्राम विद्याडीह में वर्तमान में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन पंचायत कर रही है । उस दुकान को शैल स्व सहायता समूह विद्याडीह को प्रदान करने हेतु समूह के अध्यक्ष आदि के द्वारा आवेदन एसडीएम कार्यालय मस्तूरी में करीब 3 माह पूर्व दिया गया था तथा दुकान को जल्द समूह को आबंटित करने हेतु प्रयास करने हेतु समूह द्वारा महेंद्र पटेल निवासी विद्याडीह को कहा गया था जो महेंद्र पटेल द्वारा इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर श्याम वस्त्रकार से मिलने पर वस्त्रकार द्वारा समूह के संबंध में एसडीएम के समक्ष जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने और दुकान का आबंटन आदेश जारी करवाने के एवज में 1 लाख रुपए मांग की जा रही है जो वह उन्हें रिश्वत नहीं देना चाहता बल्कि रिश्वत लेते हुए उन्हें पकड़वाना चाहता शिकायत का सत्यापन कराने पर शिकायत सही गई जिस पर ट्रैप की योजना तैयार की गई ।प्रार्थी से मांगे हुए पैसे में से व्यवस्था हुई राशि 90000 रुपए को आरोपी को देने हेतु भेजा गया जिस पर श्याम वस्त्रकार द्वारा अपने महावीर सिटी स्थित आवास पर प्रार्थी से 90000 रुपए रिश्वत रकम को लिए जाने पर एसीबी टीम द्वारा उसे पकड़ लिया गया। रिश्वत में ली गई राशि 90000 रुपए को आरोपी से बरामद कर लिया गया है। एसीबी के द्वारा आरोपी के विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है तथा घर पर भी सर्च की कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब है कि एसीबी के द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों / कर्मचारियों की लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी अनुक्रम में उक्त कार्यवाही की गई। एसीबी द्वारा किसी भी विभाग के लोकसेवक द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने पर तत्काल सूचना देने हेतु अपील की है।

## आईडीबीआई बैंक द्वारा शासकीय स्कूल को कंप्यूटर, प्रिंटर व आरओ मशीन प्रदान



**पाटन (समय दर्शन)।** क्षेत्र अंतर्गत गोंडपेंड्री स्थित आईडीबीआई बैंक गोंडपेंड्री शाखा ने अपनी सीएसआर गतिविधि के तहत शासकीय माध्यमिक शाला पाहंदा झा में एक कंप्यूटर सेट, एक प्रिंटर सेट तथा एक आरओ वाटर फिल्टर मशीन प्रदान की। बैंक द्वारा किए गए इस सहयोग से विद्यालय के विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर बैंक के शाखा प्रमुख मानस रंजन करण सहित हुसिकेश महतो, तुषार मोहपतारा एवं सुरेश वर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से शिक्षक मुकेश बंछोर, टेकेंद्र ठाकुर, सुरेखा बंछोर, सुशील कुमार ठाकुर एवं विक्रम यादव मौजूद थे। शाला प्रबंधन समिति से मनीष कश्यप, राजेंद्र यदु, सरिता साहू एवं संतोष धीवर की उपस्थिति में सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने बैंक के इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

## अतिक्रमण के खिलाफ की गई सख्त प्रशासनिक कार्रवाई

**कलेक्टर ने किया निरीक्षण, एक दुकान को किया गया सील**

**मुंगेली( समय दर्शन )।** जिले में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अभियान को तेज कर दिया है। व्यापारियों को पूर्व में समझाइश देने के बाद अब प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित पड़ाव चौक से पंडरिया रोड तक का निरीक्षण कर अतिक्रमण एवं अनधिकृत रूप से सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर रखे गए सामानों को दुकान की अंदर रखने की समझाइश दी। निरीक्षण के



दौरान पाया गया कि कई दुकानदारों द्वारा अपने स्वामित्व की सीमा से बाहर सामान रखकर सड़क के हिस्से पर कब्जा किया गया है, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए दुकान के अंदर ही व्यापारिक सामग्री रखने के निर्देश दिए। कार्यवाही के तहत एक दुकान को नियमों की अनदेखी और बार-बार समझाइश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर सील बंद किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि जिले को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के कारण आए दिन यातायात दुर्घटनाएं हो रही हैं और इस संबंध में प्रशासन को निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। सड़क किनारे अनधिकृत रूप से रखे गए सामान से यातायात बाधित होता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई किसी के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से नहीं, बल्कि शहर की व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा के लिए की जा रही है। व्यापारियों से अपील की गई है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि शहर को व्यवस्थित और सुगम यातायातयुक्त बनाया जा सके। यदि कोई दुकानदार नियमों का पालन नहीं करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह

**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान कर उनके उत्साहवर्धन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि रमन सिंह राजपूत, महामंत्री भाजपा ग्रामीण मंडल सोमनी (पूर्व) और वरिष्ठ पत्रकार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपाल साहू, अध्यक्ष, वृताकार सेवा सहकारी समिति, सोमनी ने की। विशिष्ट अतिथियों में टीएल चंद्राकर (सेवानिवृत्त व्याख्याता) और उमेश कुमार साहू (वरिष्ठ भाजपा नेता) भी शामिल थे।

समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के तेल चित्र पर पूजा-अर्चना से हुआए जिसे मुख्य अतिथियों और संस्था की प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी ने



किया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत पुष्पहार और श्रीफल भेंट कर शाला परिवार द्वारा किया गया। प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी का सम्मान भी शिक्षिकाओं द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और विद्यार्थी अपने प्रयासों से विद्यालय, गांव और परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं। प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी ने भी विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर श्रीमती खूमेश्वरी शर्मा (प्रधान पाठक), नरेश दूरकर (संकुल समन्वयक) और व्याख्याता सुनील भागवत ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में शाला परिवार के सदस्यगण श्रीमती ईश्वरी कोर्राम, पूर्णिमा चौबे, श्रीमती टी. देवानंगन, सीमा सिंह, निर्मला राजपूत, जीतेश्वरी देशमुख, श्रीमती एम. श्रीवास्तव, किरण राणा, प्रभात साहू, श्रीमती ममता सिंह, बबीता गिरी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता जीडी गुरु सर द्वारा किया गया। समापन श्रीमती ईश्वरी कोर्राम द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## विशेष गहन पुनरीक्षण की अंतिम सूची का हुआ प्रकाशन

**कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर दी जानकारी**




**मुंगेली( समय दर्शन )।** जिले में निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर अंतिम सूची के प्रकाशन की जानकारी दी। बैठक में पुनरीक्षण कार्य की पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और विधिसम्मत क्रियान्वयन की जानकारी साझा की गई। बैठक के दौरान प्रारंभिक प्रकाशन, दावा-आपत्ति की प्रक्रिया, घर-घर सत्यापन अभियान, मृत एवं स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नामों के विलोपन तथा पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाने की कार्यवाही का विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया गया। समस्त बिंदुओं पर चर्चा के उपरांत निर्वाचन नामावली की अंतिम सूची का विधिवत प्रकाशन करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण घोषित किया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम मतदाता सूची प्रदान की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि 27 फरवरी से ईआरओ, एईआरओ, एएईआरओ एवं बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण और सत्यापन किया गया। अनेक चुनौतियों के बावजूद निर्वाचन टीम ने जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा किया। पुनरीक्षण के दौरान 17 हजार से अधिक मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जबकि 22 हजार से अधिक ऐसे मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए जो स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके थे। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि स्थानांतरित मतदाताओं के नाम संबंधित नए निर्वाचन क्षेत्रों में विधिवत जोड़े जाएं। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा स्पष्ट है। हर पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार मिले और अपात्र नामों को सूची से हटाया जाए।

## भाजपा सरकार द्वारा होली पर शराब दुकान खोले जाने का फैसला अनुचित - नागेंद्र गुप्ता

**सरकार दारू बेचकर मुनाफा चाहती है**

**जांजगीर-चांपा (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने होली के पावन पर्व पर शराब दुकानें खोलने का जो फैसला लिया है, वह न केवल सनातन धर्म की परंपराओं का अपमान है, बल्कि राज्य की कानून व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी घातक साबित होगा। भाजपा सरकार के इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने कहा कि उमंग हंसी खुशी और प्रेम भाईचारे के त्यौहार होली में छत्तीसगढ़ की सारी दुकानें बंद रहेंगी लेकिन सिर्फ शराब दुकान खुली रहेगी और भाजपा सरकार ने दारू बेचने का निर्णय लिया है पहले होली से एक दिन पहले सभी शराब दुकानें बंद कर दी जाती थीं, जिससे शराब के नशे में बहकने वाले असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगता था और लोग शांति से



त्योहार मना पाते थे। लेकिन अब सरकार ने नई आबकारी नीति में ड्राई डेज को घटाकर मात्र 4 कर दिया है, जिसमें होली, मुहर्रम और गांधी निर्वाण दिवस जैसे महत्वपूर्ण दिन शामिल नहीं हैं। यह फैसला स्पष्ट रूप से राजस्व बढ़ाने की लालच में लिया गया है, जो भाजपा की दोहरी नीति को उजागर करता है।भाजपा हमेशा से सनातन संस्कृति की रक्षक होने का दावा करती रही है और चुनावों में इसी आधार पर वोट मांगती है। लेकिन सत्ता में आते ही वह अपनी संस्कृति को भूलकर सिर्फ आर्थिक लाभ की ओर ध्यान दे रही है। छत्तीसगढ़ में पहले से ही कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है अपराध दर बढ़ रही है, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। ऐसे में होली जैसे रंगों और खुशियों के त्योहार पर शराब की बिक्री खुली रखना हुल्लड़बाजों और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देगा, जिससे आम आदमी का शांतिपूर्ण उत्सव मनाना मुश्किल हो जाएगा।

## श्रीरामचरितमानस हमारे जीवन का आदर्श – कमल वर्मा



**पाटन (समय दर्शन)।** ग्राम रवेली में आयोजित दो दिवसीय संस्वर मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष श्री कमल वर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री वर्मा ने कहा कि श्रीरामचरितमानस हमारे जीवन का आदर्श ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि इसी के स्वरूप में हमारा भारतीय समाज विकसित हुआ है। रामचरितमानस में एक आदर्श राजा, आज्ञाकारी पुत्र, भाईचारे का प्रेम, माता-पुत्र का स्नेह तथा परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति प्रत्येक व्यक्ति के कर्तव्यों का सजीव चित्रण किया गया है। यह ग्रंथ हमें सुख, शांति और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने आगे कहा कि यही कारण है कि हम सदैव रामराज्य की परिकल्पना करते हैं। रामचरितमानस हमारी सामाजिक बुनियाद की नींव है। हम सभी इसके विभिन्न पात्रों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर विश्व के समक्ष एक श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। आयोजन समिति को लगातार 16 वर्षों से इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु उन्होंने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती लता ताराचंद वर्मा, अध्यक्ष श्री घांसी राम साहू, श्री रविशंकर वर्मा, श्री जागेश्वर साहू, श्री राजेश वर्मा, श्री विष्णु शर्मा, श्री धर्मेंद्र यादव, श्री रूपेंद्र वर्मा,श्रीमती लता वर्मा, श्रीमती भुनेश्वरी साहू,श्रीमती सुधा वर्मा,श्रीमती रेखा ठाकुर,श्रीमती मोहिनी साहू, श्री रमेश बया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं श्रोतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भक्ति, श्रद्धा एवं उत्साह के वातावरण में हुआ।

## छीसगढ़ में ईडल्यूएस आरक्षण अब तक लागू यों नहीं?

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 में लागू किए गए 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ छत्तीसगढ़ के युवाओं को अब तक नहीं मिल सका है। सात वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य में यह प्रावधान प्रभावी नहीं हो पाया है। परिणामस्वरूप हजारों पात्र युवा शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण के लाभ से वंचित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में संविधान संशोधन के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया था। देश के अनेक राज्यों में यह व्यवस्था लागू भी हो चुकी है, किंतु छत्तीसगढ़ में यह अब तक अमल में नहीं आ सकी है।

राज्य में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों की सरकारें रहीं, परंतु ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी इस मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। जस्टिस ए.के. प्रसाद की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता पुष्पराज सिंह व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से पूछा कि आखिर प्रदेश में ईडब्ल्यूएस आरक्षण अब तक लागू क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे ।याचिका में तर्क दिया गया है कि जब मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रभावी है, तो छत्तीसगढ़ के युवाओं को इससे वंचित रखना समानता के अधिकार का उल्लंघन है। विधिक विशेषज्ञों के अनुसार, दिसंबर 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने कुल आरक्षण सीमा को बढ़ाकर 76 प्रतिशत करने का विधेयक पारित किया था।

# 9 लीटर अवैध शराब परिवहन करते, आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** नशे के विरुद्ध नया सवेरा अभियान अंतर्गत गरियाबंद पुलिस द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध नशे के परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही एवं रोकथाम के संबंध में निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर एवं पेट्रोलियम को सक्रिय किए थे। जो रविवार को थाना प्रभारी गरियाबंद को सूचना मिला कि एक व्यक्ति के द्वारा अधिक मात्रा में देशी प्लेन/मसाला विस्की शराब अपने कब्जा में रखकर परिवहन करते अपने मोटर सायकल क्रमांक छत्त-23,7465 से शराब भट्ठी से केशोडार,कोकड़ी,नहरगांव की ओर जाने की सूचना पर गवाह को लेकर संदिग्ध मोटर सायकल छत्त-23-7465 आते मिला जिसे रोककर पुछताछ किये तो मोटर सायकल में सवार व्यक्ति अपना नाम विजय कुमार यादव ग्राम मैनपुर 2 थाना गरियाबंद का रहने वाला बताया। जो अपने मोटर सायकल के सामने में पीला रंग के थैला में कुछ सामान रखा था। जिसके के कब्जा एक थैला अंदर 41 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब शोले कंपनी का प्रत्येक में लेबल लगा तथा 180 एम.एल. शराब भरा, 5 पौवा देशी मशाला शराब शेरा कंपनी का प्रत्येक में लेबल लगा तथा 180 एम. एल. शराब भरा तथा 5 पौव्वा जम्मू विस्की शराब प्रत्येक में लेबल लगा तथा 180 एम.एल. शराब भरा कुल 51 पौव्वा देशी/विदेशी मदिरा कुल 9.180 लीटर शराब कीमती 4380 रूपये एवं मैं शराब परिवहन प्रयुक्त मोटर साइकिल होण्डा कंपनी का सीबी-125 मोटर सायकल कीमती 25 हजार को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस किया गया।

## खबर-खास

### जोगी कांग्रेस नेता शमसूल आलम ने आबकारी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, हफ्ते भर का अल्टीमेटम



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और युवा मोर्चा नेता शमसूल आलम ने आबकारी विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर के कई बार और रेस्टोरेंट, जैसे अवाना बार और संगवारी बार, आबकारी विभाग की गाइडलाइनों का पालन नहीं कर रहे हैं, लेकिन फिर भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

शमसूल आलम ने कहा कि इन बारों में गाइडलाइनों का उल्लंघन होने के बावजूद कुछ आबकारी कर्मचारी और इंस्पेक्टर की मिलीभगत से बारों को लाइसेंस मिल जाते हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर कार्रवाई की मांग की और आबकारी अधिकारी को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया। यदि प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई नहीं कीए तो जोगी युवा मोर्चा उग्र प्रदर्शन करेगा। ज्ञापन देने के बाद, शमसूल आलम और उनके समर्थकों ने आबकारी कंट्रोल रूम जाकर आबकारी इंस्पेक्टर से पावती भी ली। इस मौके पर जोगी युवा मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष नमन पटेल, जिला महासचिव ऋषभ रामटेके, शुभम भलाधारे, पंकज सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शमसूल आलम ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की जाती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### नशामुक्ति पर जागरूकता अभियान




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** लोक आस्था सेवा संस्थान के द्वारा गरियाबंद जिला के अलग अलग गांवों में नशामुक्ति पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।जिसमें गांव वालो को नशा न करने के लिए समझ बनाया जा रहे है,व सभी से अपील किया कि नशा से दूर रहे इसके बाद लोक आस्था की संस्था सचिव लता नेताम और अध्यक्ष हेमनारायण मानिकपुरी के दिशा निर्देश में पूरी टीम निसार बेगम की अगुवाई में गांव- गांव जाकर सभी को समझा रही है कि किसी भी प्रकार का नशा शराब,गांजा ,अन्य मादक पदार्थों से स्वयं के शरीर और परिवार पर दुष्प्रभाव पड़ता है ।साथ ही बच्चों की शिक्षा ,स्वास्थ और घर में महिलाओं के साथ हिंसा को बढ़ावा मिलता है। जिससे नशा करने वालो की घर की शांति नहीं रहती और आर्थिक तंगी आ जाती है और न ही उस व्यक्ति व परिवार को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और न ही उस परिवार से कोई रिश्ता रखना पसंद करते है। इसीलिए परिवार,गांव व समाज को नशामुक्त होना चाहिए ।संगवारी महिला मंच के मुखियाओं ने जागरूकता अभियान में भाग लिया। दांतबाय पंचायत की सरपंच द्रोपती ठाकुर ने भी इस अभियान में शामिल होकर अपने पंचायत के लोगों से अपील किया कि नशा से हम सभी को दूर रहना चाहिये ।वर्तमान में युवा वर्ग नशा में ज्यादा अग्रसर हो रहे है,इस युवा पीढ़ी को नई सोच के साथ समाज के उत्थान के लिए आगे आना होगा ।इसके बाद सभी ने नशा छोड़ो- जीवन से नाता जोड़ो की नारा के लगाते हुए रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

### कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी में जनगणना संबंधी महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक सम्पन्न

**मुंगेली( समय दर्शन )।** जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में डायरेक्टरोट ऑफ सेंसस ऑपरेशन्स के संचालक कार्तिकेय गोयल द्वारा वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनगणना कार्यों की समीक्षा एवं आगामी तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी सहित समस्त ईआरओ, एईआरओ तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान डायरेक्टरोट ऑफ सेंसस ऑपरेशन्स ज्वाइंट डायरेक्टर प्रदीप कुमार साव ने पूर्व में संपन्न जनगणना की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने जनगणना की संपूर्ण कार्यप्रणाली, प्रपत्रों के संकलन, घर-घर सर्वेक्षण, आंकड़ों के सत्यापन एवं संधारण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही जनगणना कार्य के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। उन्होंने आगामी जनगणना को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। विशेष रूप से डिजिटल डेटा संकलन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन, मैदानी अमले की जिम्मेदारियों तथा समन्वय तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके आंकड़ों के आधार पर विभिन्न शासकीय योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है।

## शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग, झुलसे बुजुर्ग की हुई मौत

**कोरबा ( समय दर्शन )।** पंप हाऊस में उस समय हड़कंप मच गया, जब लोगों की नजर बंद मकान पर पड़ी। मकान से धुएं के साथ किसी के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनाई दे रही थी। किसी तरह दरवाजा खोलकर परिजन भीतर पहुंचे तो नजारा देख उनके होश उड़ गए। मकान के भीतर सारा सामान धू धूकर जल रहा था,जबकि भीतर मौजूद बुजुर्ग गंभीर रूप से झुलस चुका था। उसे आनन फानन कमरे से बाहर निकाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई पूरी कर ली है।

सीएसईबी पुलिस चैकी अंतर्गत पंप हाऊस रामेश्वर यादव 72 वर्ष निवास करता था। उसके साथ ही कमरे में छोटा पुत्र शनि यादव भी रहता था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य आसपास बने मकान में रहते हैं। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन की तरह शनि काम करने पुराना बस स्टैंड स्थित दुकान गया था। उसके लौटने से पहले शाम करीब 7.30 बजे बुजुर्ग भोजन कर अपने कमरे में सोने चला गया। वह कमरे में सो रहा था। इसी बीच अचानक कमरे के भीतर आग लग गई। इसका खुलासा तब हुआ, जब पड़ोस में रहने वाली एक महिला अपने घर से बाहर निकली। उसे बुजुर्ग के कमरे से धुआं निकलते दिखाई दी। वह कमरे के पास पहुंची तो बुजुर्ग के चिखने की आवाज सुनाई दे रही थी। इसकी जानकारी महिला ने परिजनों के अलावा आसपास के लोगों को दी। परिजन सहित बस्तीवासी कमरे के सामने पहुंचे। उन्होंने देखा तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। वे किसी तरह दरवाजा खोलकर भीतर पहुंचे। इस दौरान कमरे के भीतर रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था, जबकि बुजुर्ग का कमर से नीचे का हिस्सा झुलस गया था। उसे किसी तरह बाहर निकाल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया गया। अस्पताल में बुजुर्ग को आईसीयू में रख उपचार शुरू किया गया। डॉक्टर लगातार प्रयास के बाद भी वृद्ध की जान नही बचा सके। उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मेमों मिलने पर अस्पताल पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए बुजुर्ग के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## दुर्गा चालीसा पाठ के माध्यम से ही हम अपने अवगुणों को नष्ट कर सकते हैं -केशव योगभारती



**बसना( समय दर्शन )।** बसना मे तहसील स्तरीय श्री दुर्गा चालिसा अखंड पाठ बसना के श्री कृष्ण विदुर भवन में भव्यता एवं दिव्यता पूर्वक सम्पन्न हुआ। यह चालीसा पाठ शनिवार से प्रारंभ हो कर रविवार तक 24 घंटे अनवरत चलता रहा ।

इस दौरान केशव योगभारती ने बताया कि ,यह चालीसा पाठ परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त चरित्रवान चेतनावान परोपकारी जीवन जीते हुए धर्मरक्षा, राष्ट्ररक्षा मानवता के सेवा करना है।

समाज जब तक कुरीतियों से मुक्त नहीं होगा तब तक समाज का उत्थान नहीं हो सकता। कुरीतियों को सिर्फ दुर्गा चालीसा पाठ के माध्यम से ही नष्ट किया जा सकता है। समाज में संगठन द्वारा 5 घंटे का चालीसा,24 घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ, तथा एक घंटे का आरती क्रम निशुल्क रूप से किया जाता है।

इस कड़ी से ही समाज में परिवर्तन हो रहा है। तहसील स्तरीय चालीसा अखंड पाठ समापन के पहले रविवार सुबह नौ बजे विशाल नशामुक्ति सद्भावना जनजागरण रैली बसना नगर मे निकाली गई। जिसमें संगठन के सैकड़ों स्वयं सेवी कार्यकर्ता विदुर भवन प्रांगण से बस स्टैंड तक पैदल रैली के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। क्योंकि हर रोज़ सैकड़ों परिवार नशे के चपेट में आ कर बर्बाद हो रहे हैं ।और उस नशा रूपी जहर को नष्ट करने के लिए सदगुरुदेव ने भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा यह बीड़ा उठाया है। चतुर्थ रविवार को ग्यारह बजे तहसील स्तरीय मासिक महाआरती होता है उसी समय तहसील स्तरीय चालीसा अखंड पाठ का समापन हुआ। आयोजन मे मां भगवती एवं गुरुवर के गगन भेदी जयकारे लगाया गये। सभी भक्तों द्वारा शंखनाद तथा दिव्य मंत्रों का उच्चारण करने के बाद मां गुरुवर की आरती क्रम संपन्न किया गया।

चिन्तन की कड़ी में प्रांतीय पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र चौधरी द्वारा गुरुवर के विचारधारा को उपस्थिति भक्तों को विस्तार बताया गया।

धनीराम पटेल द्वारा भी चिंतन प्रदान किया गया आभार प्रकट कुंदन नायक द्वारा किया गया ।इस दिव्य अनुष्ठान में शक्ति जल बांटा गया । महाभंडारा प्रसाद के साथ सैकड़ों मां भक्तों ने चालीसा पाठ का लाभ प्राप्त किया।

## संकुल केन्द्र संतपाली मे मॉडल,नवाचारी टीएलएम सामग्रियों का प्रकाशन




**बसना( समय दर्शन )।** संतपाली में समग्र शिक्षा अंतर्गत संकुल स्तरीय शिक्षण टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन कक्षा शिक्षण को रोचक बनाने के उद्देश्य से किया गया। इसमें प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शालाओं के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने गणित, भाषा व पर्यावरण अध्ययन तथा बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता से संबंधित विविध चार्ट, मॉडल एवं नवाचारी टीएलएम सामग्रियों का प्रदर्शन किया।

इसमें व्यवहारिकता, सृजनात्मक दृष्टिकोण और विद्यार्थियों की टीएलएम आवश्यकताओं का संतुलित समावेश परिलक्षित हुआ। इस अवसर पर संकुल समन्वयक श्री पाढी ने टीएलएम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दृश्यात्मक एवं मूर्त सामग्रियों के माध्यम से प्रस्तुत अवधारणाएं विद्यार्थियों की समझ को और अधिक सुदृढ बनाती है। इससे न केवल उनकी रूचि व सहभागिता में वृद्धि होती है। बल्कि, सीखने की प्रक्रिया भी प्रभावी व स्थायी बनाती है। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को शिक्षण में निरंतर नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। मेले में शिक्षकों ने एक-दूसरे की टीएलएम सामग्रियों का अवलोकन कर अनुभव साझा किए तथा शिक्षण पद्धतियों में रचनात्मक सुधार पर विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम में दामोदर दास वैष्णव, संकुल प्रभारी लोकनाथ जगत,इंदल सिंह सिदार, जयप्रकाश नायक, नीलांबर चौधरी, देवेंद्र पटेल, ललिता सिंह राजपूत, राजेश जगत, युधिष्ठिर राय, कौशल नायक, चिंतुकंवर पटेल, सुरेश पटेल, दिलेश्वर चौधरी एवं अयाज मोहम्मद सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। संकुल समन्वयक भूपेश कुमार पाढी ने किया। कार्यक्रम बीईओ बद्रीप्रसाद जोल्हे, बीआरसीसी अनिल सिंह साव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## सूने मकान में सोने, चांदी की चोरी करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से चोरी के कीमती 96,000 रूपये का सोना एवं चांदी बरामद



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** सूने मकान में सोने,चांदी की चोरी करने वाले आरोपी को 96,000 रूपये का सोना एवं चांदी के साथ गिरफ्तार किया गया ।मामले में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सेवक राम साहु पिता भीखाराम साहु उम्र 46 वर्ष निवासी भाठापारा रॉवड थाना राजिम में 22 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 फरवरी को अपने रिस्तेदार के घर उसकी लडकी की शादी कार्यक्रम में शरिक होने शाम परिवार सहित घर पर ताला लगाकर के ग्राम चम्पारण चला गया था। उसी दिनांक के रात्रि करीबन 12 बजे परिवार सहित अपने घर ग्राम रॉवड भाठापारा वापस आया तो देखा कि इसके घर दरवाजे पर लगा ताला लटका हुआ था। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा ताला को तोड दिया था और घर अन्दर जाकर के देखा तो पेटी में लगा ताला टुटा हुआ था। पेटी में मेरी रखे जेवरात एक नग माला सोने का तीन पत्ती लगा हुआ दो जोडी सोने का खिनवा एक नग चाँदी का करधन एक जोडी चॉदी का पायल एक नग चाँदी का चॉबी गुच्छा जो 96,000 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट चोरी के अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध सदर धारा 331 (4),305 भा0न्या0स0 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण के संदेही आरोपी जितेन्द्र साहु निवासी ग्राम चम्पारण को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि प्रार्थी को पूरे परिवार के साथ शादी में जाने की सूचना मिलने एवं घर को सुना पाकर घर में लगे ताले एवं घर के अंदर में रखे पेटी का ताले को तोड़कर सोना,चांदी चोरी करना स्वीकार किये ।आरोपी के निशानदेही पर चोरी कर छुपाए गए सोना,चांदी के गने को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी जितेंद्र कुमार साहू के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर से समक्ष प्रवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पर भेजा गया।

## गरियाबंद में सीजीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

### कलेक्टर बी एस उइके ने किया सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर बी.एस. उइके ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा 2026 का जिला मुख्यालय गरियाबंद में औचक निरीक्षण किया। यह परीक्षा जिले के चार परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

कलेक्टर श्री उइके ने सभी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजाम, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, बैठने की व्यवस्था एवं प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राध्यक्षों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

परीक्षा में 1167 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। जिसमें 900 से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए। सभी केंद्रों में प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। केंद्रों के बाहर पुलिस बल की तैनाती रही तथा प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उनके मार्गदर्शन में समस्त व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हुईं। कलेक्टर श्री उइके ने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए ।इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जर्जर सात नंबर रोड बना हादसों का कारण, केनाल गेट के पास ट्रक पलटा

**भिलाई ( समय दर्शन )।** औद्योगिक नगरी भिलाई में जेपी सीमेंट के सामने से प्लांट की ओर जाने वाला सात नंबर रोड इन दिनों गंभीर बदहाली का शिकार है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां न तो पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है और न ही किसी प्रकार की बैरिकेडिंग, जिससे खासकर रात के समय वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ताजा मामला केनाल गेट के पास का है, जहां देर रात लोड लेने जा रही एक खाली ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में चालक को चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर गड्ढों और अधूरे निर्माण कार्य के चलते वाहन असंतुलित हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था होती, तो यह दुर्घटना टाली जा सकती थी। ट्रक-ट्रेलर संगठन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत और निर्माण को लेकर मांग की जा रही है, लेकिन भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उनका कहना है कि खराब सड़क के कारण कई चालक घायल हो चुके हैं और प्रतिदिन हादसे का खतरा बना रहता है।

## गरियाबंद में गूंजा 'मन की बात' का 131वां एपिसोड, विकसित भारत का रोडमैप रखा पीएम मोदी ने, एआई स्टार्टअप और गुणवत्ता पर जोर

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को जिला भाजपा कार्यालय, गरियाबंद में सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना और उन पर चर्चा की।

अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और सभी से आग्रह किया कि वे यह पर्व परिवार एवं समाज के साथ मिलकर सद्भाव और उल्लास के साथ मनाएं।

प्रधानमंत्री ने 'लोकल फॉर वोकल' और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को अपनाकर हम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा सकते हैं।

## स्वावलंबी महिला विकास समिति का महिला एवं बाल संवाद जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न





**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** ग्राम बारूला नागाबुडा में महिलाओं एवं बच्चों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन शनिवार किया गया,जिसमें ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के साथ खुलकर चर्चा की गई ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों की समस्याओं को समझना और उनके विकास के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था ।इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच,मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,ग्रामीण महिलाएं और बच्चे उपस्थित रही।

ग्रामीण महिलाओं ने अपने विचार साझा किए और बच्चों ने अपनी शिक्षा और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों न्यायपीठ बाळ कल्याण समिति सदस्य ताकेश्वरी साहू ने बच्चों के अधिकारों सुरक्षा, स्वास्थ, शिक्षा, चाईल्ड हेल्प लाइन नंबर की जानकारी देते हुए परीक्षा में पूर्ण आत्मविश्वास से सम्मिलित होने को कहा।

सखी सेंटर की विधिक सहायता से निशा नेताम द्वारा महिला उत्पीड़न, महिला हेल्प लाइन ठ्श पैरामेडिकल से रूपमती द्वारा ग्रामीण विकास के लिए सरकार सखी सेंटर की योजनाओं की जानकारी दी ।समिति की सचिव सारिका महाडिक द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया ।धानी मानिकपुरी द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं बच्चों के मासिक धर्म और स्वच्छता की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम का आभार समिति अध्यक्ष बिंदु वर्मा द्वारा किया गया ।कार्यक्रम का आयोजन स्वावलंबी महिला विकास समिति द्वारा किया गया । जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों के विकास को बढ़ावा देना है।

# कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण



## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 की परीक्षा रविवार 22 फरवरी को दुर्ग, भिलाई नगर के 25 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई। 10307 परीक्षार्थियों के लिए दो पालियों (क्रमशः सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक) में परीक्षा आयोजित की गई।

कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने उक्त परीक्षा के प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0503 उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0504 शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या पीजी कालेज दुर्ग, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0505 सेजेस जेआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0523 आमदी नगर विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल हुडको भिलाई और परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0525 भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 भिलाई का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्ष को लोक सेवा आयोग के मार्गदर्शी निर्देशों का पालन करते हुए बेहतर ढंग से परीक्षा संचालित करने निर्देशित किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा कक्ष एवं परीक्षार्थियों की संख्या, प्रकाश, इमरजेंसी लाईट, पेयजल, वाशरूम, परीक्षा कक्ष प्रवेश पूर्व परीक्षार्थियों की चेकिंग, परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र के साथ वीडियोग्राफी आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने केन्द्र को उपलब्ध प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका सीट की भी जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा समाप्ति पश्चात बरते जानी वाले सावधानियां पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने के निर्देश केन्द्राध्यक्ष को दिए। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों के लिए नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता में अव्वल गोड़म पीएचसी, पार्किंग के अभाव में सड़क पर वाहन, हादसे को आमंत्रण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** टारजन महेश (समय दर्शन)जिले का वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जो अपनी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं और राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर शासन-प्रशासन की वाहवाही लूटता रहा है, आज बुनियादी सुविधा 'पार्किंग' के लिए तरस रहा है। हम बात कर रहे हैं जिला मुख्यालय से महज 14 किलोमीटर दूर स्थित गोड़म प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की, जहां पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को मजबूरन अपने वाहन मुख्य सड़क पर खड़े करने पड़ रहे हैं।



### मुख्य मार्ग पर जाम और दुर्घटना का खतरा

गोड़म से बांधा पाली को जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क बेहद व्यस्त मानी जाती है। अस्पताल के ठीक सामने से गुजरने वाले इस मार्ग पर दिन भर भारी वाहनों और आम राहगीरों का आवागमन बना रहता है। अस्पताल में पर्याप्त पार्किंग स्थल न होने के कारण दुपहिया और चार पहिया वाहन सड़क के किनारों तक फैल जाते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि गंभीर मरीजों को लेकर आने वाली एम्बुलेंस को भी अस्पताल परिसर में दाखिल होने में मशक्कत करनी पड़ती है।

### सुविधाओं में 'नंबर वन पर पार्किंग में शून्य'

गोड़म क्षेत्र ने कई वर्षों से राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में जिले में अपना परचम लहराया है। बेहतर इलाज और साफ़-सफाई के मामले में यह केंद्र मिसाल पेश करता है, लेकिन पार्किंग जैसी अनिवार्य जरूरत को नजरअंदाज करना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है।

अस्पताल में इलाज तो अच्छा मिलता है, लेकिन बाहर गाड़ी खड़ी करना जोखिम भरा है। सड़क पर गाड़ी छोड़ने से हमेशा चोरी या दुर्घटना का डर बना रहता है।

**— एक परेशान ग्रामीण**

### शासन-प्रशासन से संज्ञान की उम्मीद

प्रतिदिन यहां सैकड़ों की संख्या में मरीज अपने इलाज के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों और मरीजों के परिजनों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि: अस्पताल परिसर में खाली पड़ी भूमि का उपयोग पार्किंग हेतु किया जाए। सड़क किनारे सुव्यवस्थित पार्किंग जोन बनाया जाए ताकि यातायात सुचारू रहे। सुरक्षा की दृष्टि से वहां किसी गार्ड की तैनाती सुनिश्चित हो। अब देखना यह है कि क्या जिला प्रशासन इस 'नंबर वन' स्वास्थ्य केंद्र की इस जमीनी समस्या पर संज्ञान लेता है, या फिर किसी बड़ी सड़क दुर्घटना का इंतजार किया जा रहा है।

# शिक्षा और कौशल विकास से ही गढ़ा जाएगा भविष्य,कॉलेज की मांगों पर दिया आश्वासन : डॉ संपत अग्रवाल



## स्व. जयदेव सतपथी कॉलेज बसना के स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए सांसद एवं बसना विधायक

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना नगर के प्रतिष्ठित स्व. श्री जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद विधायक एवं अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई।

स्नेह सम्मेलन के दौरान एक विशेष उत्साह तब देखने को मिला जब सांसद व विधायक ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर केक काटा। उन्होंने मुख्यमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उपस्थित जनसमूह और विद्यार्थियों के साथ खुशियाँ साझा कीं और उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के बीच अनुशासन, प्रेम और सामूहिक सद्भाव को बढ़ाने का एक माध्यम है। महाविद्यालयीन जीवन ही वह समय है जब आप अपने व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं और भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण करते हुए डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि पुरस्कार आपकी मेहनत का प्रतिफल है। जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण आपकी भागीदारी है। आज के युग में कौशल विकास और निरंतर सीखने की ललक ही आपको सफल बनाएगी।

विधायक ने महाविद्यालय की विभिन्न मांगों और अधोसंरचना विकास पर चर्चा करते हुए छात्रों एवं स्टाफको आश्वासन दिया कि क्षेत्र के शैक्षणिक विकास के लिए वे सदैव तत्पर हैं और महाविद्यालय की सुविधाओं के विस्तार हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेतागण तथा प्राचार्य डॉ एस के साव व महाविद्यालय स्टाफसहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# राजनांदगांव में स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** हिंदू जागरण मंच हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव द्वारा महान संत और आध्यात्मिक गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी की जयंती श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम केसर नगर स्थित कालीबाड़ी प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित वक्ताओं ने उनके जीवन, आध्यात्मिक विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने मानवता को प्रेम, सहिष्णुता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनका जीवन सादगी, भक्ति और ईश्वर के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक था।

हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी ने भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारे, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और समाज में नैतिकता व राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। अंत में सभी ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता और युवा सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। प्रमुख उपस्थित लोगों में सुशील लड्ढा, सविता बोस, प्रवीण शर्मा, प्रभात गुप्ता, जुगल गुप्ता और राज बहादुर सिंह शामिल थे।

कार्यक्रम में सभी ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रिंकू साहू बने पिछड़ा वर्ग मोर्चा बम्हनीडीह मंडल अध्यक्ष



**बिर्रा ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी जिला शक्ति अंतर्गत पिछड़ा वर्ग मोर्चा की मंडल स्तरीय नियुक्ति की घोषणा की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष शक्ति टिकेश्वर सिंह गबेल तथा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा शक्ति प्रेम पटेल की अनुशंसा पर सिलादेही निवासी रिंकू साहू को पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बम्हनीडीह मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति की जानकारी सामने आते ही क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल देखा गया। पार्टी पदाधिकारियों ने रिंकू साहू को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगा तथा पार्टी की नीतियों और योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएगा। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रिंकू साहू ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने तथा समाज हित में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर में 16 वी बार नेवता भोज का आयोजन किया गया

**बसना ( समय दर्शन )।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्रीविशाल जोल्हे, विकासखंड स्रोत समन्वयक अनिल सिंह साव, एबीईओ लोकेश्वर सिंह कंवर ,संकुल नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, संकुल समन्वयक डिजेंद्र कुर्रे के मार्गदर्शन में बसना विकासखंड के संकुल केन्द्र जमदरहा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर में प्रधानमंत्री पोषण योजना अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार नेवता भोज का आयोजन आंशिक रूप से विरेंद्र भोई (प्रधान पाठक पडकीपाली ) द्वारा स्वप्रेरित होकर कराया गया।



ललितपुर विद्यालय में यह 16 वी बार नेवता भोज का सतत आयोजन हुआ । उपस्थित समस्त गणमान्य नागरिको का प्रधान पाठक गफ्फार खान,सहायक शिक्षक प्रहलाद साहू द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। उसके बाद नेवता भोज में केला, मिक्चर, नारियल कुरा, करी लड्डू, बिस्किट,चाकलेट,अमरूद परोसा गया। नेवता भोज पाकर सभी छात्र - छात्राएं बहुत ही आनंदित हुए। आज के दानदाता विरेंद्र भोई ( प्रधान पाठक पडकीपाली)कार्यक्रम में उपस्थित नही होने पर ललितपुर के प्रधान पाठक गफ्फार खान ने उन्हें बधाई सन्देश भिजवाकर धन्यवाद दिया है।

नेवता भोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामप्रमुख रविशंकर साहू ने कहा नेवता भोज का सतत आयोजन होना गर्व की बात है।मैं सभी बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। ललितपुर के प्रधान पाठक गफ्फार खान ने कहा कि , विद्यालयीन बच्चों के हित व शासन के योजना को फलीभूत करने इस महात्वाकांक्षी योजना मे हमारा थोड़ा सा योगदान से बच्चों के चेहरे मे मुस्कान एवं बच्चों को पोषण मिल रहा है। यह आयोजन सामुदायिक सहभागिता के कारण सफल हो रही है।

ग्राम पंचायत बी बनडबरी के सरपंच महोदया नोनी बाई चौहान ने कहा कि विद्यालय में होने वाली नेवता भोज बहुत ही अच्छा और सुंदर ढंग से हो रहा है ।सभी बच्चे खुश नजर आ रहे है सभी को मेरी शुभकामनाएं।

तत्पश्चात विद्यालय में सामान्य ज्ञान, क्विज, गणित,अंग्रेजी गतिविधियों में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रधान पाठक गफ्फार खान द्वारा पुरस्कृत किया गया।आज के कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख रविशंकर साहू, शाला प्रबंधन उपाध्यक्ष श्रीमती खेमकुमारी साहू , रामेश्वरी चौहान, सुरूलाल चौहान, राजू भोई ,सहायक शिक्षक प्रहलाद साहू, आंगनबाड़ी सहायिका गायत्री,रसोइया श्रीमती बुधियारिन, घुराऊराम , स्वीपर महेत्तरीन चौहान, कुमारी साहू,भगवती साहू, अंजली साहू,बुधियारींन आदि उपस्थित थे। अंत में प्रधान पाठक गफ्फार खान ने उपस्थित समस्त गणमान्य नागरिको का आभार प्रदर्शन किया।

# ध्यान, श्वास नियंत्रण और शांति सिखाता है क्रियायोग: प्रज्ञानानंद महाराज

## विशेष साधना शिविर में जुटे क्रियायोगी

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा क्रियायोगियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय विशेष साधना शिविर का शनिवार को चोपड़ा पेलेस आदर्श नगर में शुभारंभ हुआ। शुभारंभक्रियायोग के विश्वगुरु परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज व शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद लीलाधार पाल, संजय अग्रवाल, सविता पोषण साहू व आश्रम की संचालिका धरानंद गिरि मौजूद रहे।

इस अवसर पर क्रियायोगियों को सम्बोधित करते हुए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि किसी भी काम को मन व एकाग्रता से करना ही साधना कहलाता है। क्रियायोग में सभी चक्रों का चक्र शोधन आवश्यक है। महावतार बाबा के सम्बंध में बताते हुए उन्होंने कहा कि महावतार बाबाजी महाराज अजर और अमर हैं। कभी वे निराकार होते हैं, तो कभी अपने शिष्यों के समक्ष किसी भी रूप में प्रकट होकर मानवता को सांसारिक बंधनों से मुक्त करते हैं। कार्यक्रम में गुरुदेव परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज ने कहा कि क्रियायोग ध्यान तकनीके, श्वास नियंत्रण और शांति सिखाता है, प्रत्यक्ष और तात्कालिक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है, मन को शुद्ध और विकसित करने में मदद करता है और इच्छा और अहंकार के बंधन को मिटाता है, शरीर को शक्ति और स्फूर्ति प्रदान करता है, गैर-सांप्रदायिक है और सिखाता है कि सभी क्रियाएं पूजा हो सकती हैं, केवल एक अधिकृत और सशक्त गुरु के सीधे संपर्क से ही सिखाया जाता है। यह आत्म-साक्षात्कार प्राप्त गुरुओं की एक अटूट श्रृंखला के माध्यम से हमारे पास आया है। उन्होंने कहा कि क्रियायोग तकनीक में सिखाई जाने वाली सरल एवं आसान श्वास नियंत्रण तकनीक, खोई हुई संतुलित अवस्था को पुनः सीमित करती है एवं मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है, किन्तु इसके अभ्यास हेतु आत्मोपलब्धि प्राप्त गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है।



कार्यक्रम में गुरुदेव द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को शाल श्रीफल व क्रियायोग की किताब देकर सम्मानित किया गया। पार्षदों का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर आश्रम के अध्यक्ष टीके कुम्भज, सचिव युवराज देशमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप देशमुख, कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश वर्मा, गजानन्द गौतम, बीबी कुशवाहा, कामत निर्मल, दयाराम सिन्हा, अजय नारायण, अवधेश विश्वकर्मा, प्रहलाद त्रिवेदी, घनश्याम भरतद्वाज, अविनाश, आशीष, महेश के अलावा बड़ी संख्या में क्रियायोगी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त-खबर

## रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए राजस्व, पुलिस और खनि अधिकारियो को आदेश जारी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, ( समय दर्शन )।** राज्य सरकार के मुख्य सचिव से हुई विस्तृत चर्चा में जिला सारंगढ़- बिलाईगढ अंतर्गत गौण खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं, जिस पर मुख्य सचिव द्वारा लगातार जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स, संयुक्त दल को आवश्यक पुलिस बल के साथ कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इस तारतम्य में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने बीते शुक्रवार को सम्पूर्ण जिला-सारंगढ़ बिलाईगढ़ में अधिकारियों के प्रभार क्षेत्र में अपने कर्तव्यों के साथ - साथ जिले में गौण खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु अस्थाई तौर पर आदेश जारी किया है।

सारंगढ़ तहसील में बजरंग पैकरा, सहायक खनि अधिकारी, वर्षा बंसल, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), स्नेहिल साहू, अनुविभागीय अधि.(पु.), प्रकाश पटेल तहसीलदार, कामिल हक थाना प्रभारी सारंगढ़ शामिल है। इसी प्रकार बरमकेला तहसील में पुष्पेन्द्र राज तहसीलदार अजीब कुमार बेगा थाना प्रभारी बरमकेला, भगवती कुर्रे थाना प्रभारी डोंगरीपाली, सरिया तहसील में कोमल साहू, तहसीलदार, प्रमोद यादव थाना प्रभारी सरिया, कोसीर उप तहसील में शनि पैकरा तहसीलदार, सुनीता नाग थाना प्रभारी कोसीर , बिलाईगढ़ तहसील में प्रफुल्ल रजक, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), विजय ठाकुर, अनुविभागीय अधि.(पु.) बिलाईगढ़, कमलेश सिदार तहसीलदार बिलाईगढ़, राजेश चन्द्रवंशी थाना प्रभारी बिलाईगढ़, भटगांव तहसील में निलिमा अग्रवाल तहसीलदार, शिवकुमार धारी थाना प्रभारी भटगांव, अमृत भार्गव थाना प्रभारी सलिहा, सरसींवा तहसील में आयुष तिवारी, तहसीलदार, बीना यादव थाना प्रभारी सरसींवा, संजय नायक चौकी प्रभारी बेलादुला शामिल है। दीपक पटेल प्रभारी खनि निरीक्षक का कर्तव्य क्षेत्र सम्पूर्ण जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ है।

## सद्दाम हुसैन को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सक्ती जिला में मंत्री की जिम्मेदारी



**बिर्रा ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा, जिला सक्ती की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस सूची में सद्दाम हुसैन को जिला मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन द्वारा उन्हें यह दायित्व सौंपे जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं जिला नेतृत्व की अनुशंसा पर की गई है। संगठन ने सद्दाम हुसैन पर भरोसा जताते हुए उन्हें अल्पसंख्यक समाज को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की जिम्मेदारी दी है।नियुक्ति के पश्चात सद्दाम हुसैन ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे अल्पसंख्यक समाज के हितों के लिए कार्य करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे।

## सट्टा खेलाने वाला आरोपी पकड़ने में थाना चांपा पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**जांजगीर ( समय दर्शन )।** थाना चांपा पुलिस मुखबिर सूचना मिला कि शनि मंदिर रोड खुले स्थान में किशोर धकाते नाम का व्यक्ति कागज पेन से सट्टा पटटी लिखकर रूपये पैसे का दांव लगवाकर हार-जीत का खेल खेला रहा है कि सूचना पर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जहां पुलिस को आते देखकर खेलने वाले भाग गये एक व्यक्ति मिला जिसे पूछने पर अपना नाम किशोर धकाते निवासी बरछापारा चांपा उम्र 36 वर्ष का होना बताया जिसके कब्जे से एक सट्टा-पटटी कागज तथा नगदी रकम 6570 रू को जप्त किया जाकर आरोपी का कृत्य अपराध सदर धारा का पाये जाने से थाना चांपा में अपराध क्रमांक 79/26 धारा 6 छ0ग0 जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड हेतु भेजा जा रहा है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक अशोक वैष्णव, प्र0आर0 नरसिंह बर्मन, आर. मुद्रिका दुबे, गौरीशंकर राय का सराहनीय योगदान रहा।

## नेत्रहीन नेहा भी बनेगी अफसर, - पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित हुई नेत्रहीन नेहा

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार 22 फरवरी को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 आयोजित की गई। दुर्ग/भिलाई के विभिन्न 25 परीक्षा केंद्रों में प्रतिभागी परीक्षार्थी सम्मिलित हुये। इन्हीं में से एक नेहा यमराज भी है जो नेत्रहीन होने के बावजूद अपने बुलंद हौसले के साथ परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0505 सेजेस जेआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग पीएससी प्रारंभिक परीक्षा देने पहुंची थी। अपनी मेहनत से अधिकारी बनने की ख्वाइस रखने वाली नेहा के लिए जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्र में पृथक कक्ष व लेखन कार्य हेतु सहयोगी की व्यवस्था की गई है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26